# ज्ञानशौर्यम्

ISSN : 2582-0095

Peer Reviewed and Refereed International
Scientific Research Journal

Website : http://gisrrj.com



# GYANSHAURYAM
# INTERNATIONAL SCIENTIFIC REFEREED RESEARCH JOURNAL

Volume 4, Issue 6, November-December-2021

Email : editor@gisrrj.com   Website : http://gisrrj.com

ज्ञानशौर्यम्

**Gyanshauryam**
**International Scientific Refereed Research Journal**

**Volume 4, Issue 6, November-December-2021**

**[ Frequency: Bimonthly ]**

**ISSN : 2582-0095**

Peer Reviewed and Refereed International Journal
Bimonthly Publication

Published By
Technoscience Academy

# Editorial Board

## Advisory Board

- **Prof. Radhavallabh Tripathi**
  Ex-Vice Chancellor, Central Sanskrit University, New Delhi, India
- **Prof. B. K. Dalai**
  Director and Head. (Ex) Centre of Advanced Study in Sanskrit. S P Pune University, Pune, Maharashtra, India
- **Prof. Divakar Mohanty**
  Professor in Sanskrit, Centre of Advanced Study in Sanskrit ( C. A. S. S.), Savitribai Phule Pune University, Ganeshkhind, Pune, Maharashtra, India
- **Prof. Ramakant Pandey**
  Director, Central Sanskrit University,Bhopal Campus.Madhya Pradesh, India
- **Prof. Kaushalendra Pandey**
  Head of Department, Department of Sahitya, Faculty of Sanskrit Vidya Dharma Vigyan, Banaras Hindu University, Varanasi, Uttar Pradesh, India
- **Prof. Dinesh P Rasal**
  Professor, Department of Sanskrit and Prakrit, Savitribai Phule Pune University, Pune, Maharashtra, India
- **Prof. Parag B Joshi**
  Professor & OsD to VC, Department of Sanskrit Language & Literature, HoD, Modern Language Department, Coordinator, IQAC, Director, School of Shastric Learning, Coordinator, research Course, KKSU, Ramtek, Nagpur, India
- **Prof. Sukanta Kumar Senapati**
  Director, C.S.U., Eklavya Campus, Agartala, Central Sanskrit University,Janakpuri, New Delhi, India
- **Prof. Sadashiv Kumar Dwivedi**
  Professor, Department of Sanskrit, Faculty of Arts, Coordinator, Bharat adhyayan kendra, Banaras Hindu University, Varanasi Uttar Pradesh, India
- **Prof. Manoj Mishra**
  Professor, Head of the Department, Department of Vedas, Central Sanskrit University, Ganganath Jha Campus, Azad Park, Prayagraj, Uttar Pradesh, India
- **Prof. Ramnarayan Dwivedi**
  Head, Department of Vyakarana Faculty of Sanskrit Vidya Dharma Vigyan, BHU, Varanasi, Uttar Pradesh, India

- **Prof. Ram Kishore Tripathi**
  Head, Department of Vedanta, Sampurnanand Sanskrit University, Varanasi, Uttar Pradesh, India

---

## Editor-In-Chief

- **Dr. Raj Kumar**
  SST, Palamu, Jharkhand, India

---

## Senior Editor

- **Dr. Pankaj Kumar Vyas**
  Associate Professor, Department- Vyakarana, National Sanskrit University (A central University), Tirupati, India

---

## Associate Editor

- **Prof. Dr. H. M. Srivastava**
  Department of Mathematics and Statistics, University of Victoria, Victoria, British Columbia, Canada
- **Prof. Daya Shankar Tiwary**
  Department of Sanskrit, Delhi University, Delhi, India
- **Prof. Satyapal Singh**
  Department of Sanskrit, Delhi University, Delhi, India
- **Dr. Ashok Kumar Mishra**
  Assistant Professor (Vyakaran), S. D. Aadarsh Sanskrit College Ambala Cantt Haryana, India
- **Dr. Raj Kumar Mishra**
  Assistant Professor, Department of Sahitya, Central Sanskrit University Vedavyas Campus Balahar Kangara Himachal Pradesh, India
- **Dr. Somanath Dash**
  Assistant Professor, Department of Research and Publications, National Sanskrit University, Tirupati, Andhra Pradesh, India

## Editors

- **Dr. Suneel Kumar Sharma**
  Assistant Professor Department of Education, Shri Lalbahadur Shastri National Sanskrit University (Central University) New Delhi, India

- **Dr. Rajesh Sarkar**
  Assistant Professor, Department of Sanskrit, Faculty of Arts, Banaras Hindu University, Varanasi, Uttar Pradesh, India

- **Rajesh Mondal**
  Research Scholar Department of Vyakarana, National Sanskrit University, Tirupati, Andhra Pradesh, India

- **Dr. Sheshang D. Degadwala**
  Associate Professor & Head of Department, Department of Computer Engineering, Sigma University, Vadodara, Gujarat

## Assistant Editors

- **Dr. Shivanand Shukla**
  Assistant Professor in Sahitya, Government Sanskrit College, Patna, Bihar, India |Constituent Unit : Kameshwar Singh Darbhanga Sanskrit University, Bihar, India

- **Dr. Shalendra Kumar Sahu**
  Assistant Professor, Department of Sahitya Faculty of S.V.D.V, Banaras Hindu University (BHU) Varansi,Uttar Pradesh, India

## International Editorial Board

- **Vincent Odongo Madadi**
  Department of Chemistry, College of Biological and Physical Sciences, University of Nairobi, P. O. Box, 30197-00100, Nairobi, Kenya

- **Dr. Agus Purwanto, ST, MT**
  Assistant Professor, Pelita Harapan University Indonesia, Pelita Harapan University, Indonesia

- **Dr. Morve Roshan K**
  Lecturer, Teacher, Tutor, Volunteer, Haiku Poetess, Editor, Writer, and Translator
  Honorary Research Associate, Bangor University, United Kingdom

- **Dr. Raja Mohammad Latif**
  Assistant Professor, Department of Mathematics & Natural Sciences, Prince Mohammad Bin Fahd University, P.O. Box 1664 Al Jhobar 31952, Kingdom of Saudi Arabia

- **Dr. Abul Salam**
  UAE University, Department of Geography and Urban Planning, UAE

---

## Editorial Board

- **Dr. Kanchan Tiwari**
  Assistant Professor, Department of Sahitya, Uttarakhand Sanskrit University Haridwar, Uttrakhand, India

- **Dr. Jitendra Tiwari**
  Assistant Professor, Sahitya, Rashtriya Sanskrit Sansthan, Eklavya Campus, Radhanagar, Agartala, Tripura, India

- **Dr. Shilpa Shailesh Gite**
  Assistant Professor, Symbiosis Institute of Technology, Pune, Maharashtra, India

- **Dr. Ranjana Rajnish**
  Assistant Professor, Amity Institute of Information Technology(AIIT), Amity University, Lucknow, Uttar Pradesh, India

- **Dr. Vimalendu Kumar Tripathi**
  Lecturer +2 High School, Bengabad, Giridih, Jharkhand, India

# CONTENT


| SR. NO | ARTICLE/PAPER | PAGE NO |
|---|---|---|
| 1 | **युधिष्ठिरविजय महाकाव्य में वर्णित समाज के धार्मिक स्वरूप का अध्ययन**<br>डॉ. संगीता अग्रवाल, विजय कुमार यादव | 01-05 |
| 2 | **स्वतंत्र भारत में आतंकवाद एवं उग्रवाद की समस्याएँ: एक अध्ययन**<br>विशाल कुमार | 06-11 |
| 3 | R. K. Laxman % The Uncommon Creator of Common Man<br>Dr. Sandhya Saxena | 07-13 |
| 4 | **गीता में बुद्धियोग**<br>डॉ. बी0बी0 त्रिपाठी, मंजीत कुमार वर्मा | 14-16 |
| 5 | **पुराणों में गंगा का महत्त्व**<br>डॉ. बी बी त्रिपाठी, गौरी | 17-22 |
| 5 | **सोमनाथदाशविरचितस्य वंशीविनोदस्य आध्यात्मिकपक्षविचारः**<br>विलता वर्मन् | 23-28 |
| 6 | Global Financial Crisis on Banking Sector and Economic Slowdown in India<br>Dr. Pankaj Yadav | 29-42 |
| 7 | **डॉ सुभाषचन्द्र कुशवाहा के कथा -साहित्य में दलित-विमर्श**<br>रेशमा त्रिपाठी | 43-49 |
| 8 | **वैदिक कालीन शिक्षा-पद्धति: एक विश्लेषण**<br>राजेश कुमार, डॉ० जगबीर सिंह | 50-56 |
| 9 | **कठोपनिषद् व मुण्डकोपनिषद् में वैराग्य की विवेचना**<br>डॉ. सुमन | 57-62 |
| 10 | **संस्कृतसाहित्ये रथविमर्शः**<br>Nayan Bala Das | 63-68 |
| 11 | **भारत में जेल प्रशासन एवं जेल सुधार: एक विधिक अवलोकन**<br>सुनील कुमार मिश्रा, डॉ. राजीव नयन सिंह | 69-81 |
| 12 | **वेदों में वर्णित मंत्र द्रष्ट्री ऋषिकाओं का यथार्थ स्वरूप**<br>डॉ. प्रियंका आर्या | 82-87 |

| | | |
|---|---|---|
| 13 | **पाठ्यचर्यायाः समस्याः**<br>जयपालः | 88-91 |
| 14 | **जनभाषा संस्कृतम्**<br>डॉ. दिनेशकुमारयादव: | 92-96 |
| 15 | **माध्यमिक स्तर पर शिक्षकों की शिक्षण-व्यवसाय के प्रति अभिवृत्ति एवं शिक्षण प्रभावशीलता में सम्बन्ध का अध्ययन**<br>देवेन्द्र कुमार यादव, डॉ. श्रद्धा सिंह | 97-101 |
| 16 | **परास्नातक स्तर के विद्यार्थियों की आत्म-विश्वास का अध्ययन**<br>शिवाश्रेय यादव, डॉ. प्रेम चन्द यादव | 102-106 |

# युधिष्ठिरविजय महाकाव्य में वर्णित समाज के धार्मिक स्वरूप का अध्ययन



**डॉ0 संगीता अग्रवाल**
एसोसिएट प्रोफेसर
विभागाध्यक्ष, संस्कृत विभाग
आर्य कन्या पी0जी0 कालेज हापुड़, उत्तर प्रदेश, भारत।



**विजय कुमार यादव**
शोधच्छात्र
आर्य कन्या पी0जी0 कालेज हापुड़
सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

**Article Info**
Volume 4 Issue 6
Page Number: 01-05
**Publication Issue :**
November-December-2021
**Article History**
Accepted : 05 Nov 2021
Published : 15 Nov 2021

**सारांश–** भारत भूमि पर विश्व के लगभग सभी धर्मों के समुदाय रहते हैं। समय के साथ–साथ उनका भारतीकरण भी हुआ। सभी धर्मों के समान धार्मिक नियम आपसी प्रेम सद्भाव, भाईचारे, सुविचार, सत्कर्म पर बल दिया गया है। वर्तमान में कुछ संकीर्णवादी विचारधारा के लोग समाज में सम्प्रदायवाद को बढ़ावा दे रहे हैं। हमें इसे बचाना है, क्योंकि सच्चा धर्म मानवता का है जो हमें पतन से रोकता है।

**मुख्य शब्द –** युधिष्ठिरविजय, महाकाव्य, समाज,धार्मिक, महाभारत,साहित्य।

भारतीय मनीषियों ने अध्ययन, चिन्तन और अनुभव के आधार पर सुख– शान्तिपूर्ण जीवन–यापन की जो पद्धति खोज निकाली है वह धर्म है। महाभारत के अनुशासन पर्व में आचार (सदाचार) को धर्म का लक्षण माना गया है।

**आचारलक्षणो धर्मः सन्तश्चारित्रलक्षणः।**
**साधूनां च यथा वृत्तमेतदाचारलक्षणम्।।**[1]

उद्योग पर्व में कहा गया है कि आचार से ही धर्म फलीभूत होता है।[2] धर्म शब्द घृज् धारणे धातु से मन् प्रत्यय लगकर सिद्ध होता है जिसका अर्थ है सहारा देना या धारण करना। महाभारत में धारण करने वाले को धर्म कहा गया है। धर्म प्रजा को धारण करता है।[3] वैशेषिक दर्शन में कहा गया है– **'यतोऽभ्युदयानिः श्रेयससिद्धिः स धर्मः।'**[4] जिससे इस लोक में अभ्युदय और परलोक में कल्याण की प्राप्ति हो वही धर्म है।

धर्म तो मनुष्य के जीवन की वह सामान्य पद्धति है जिसको अपनाकर चलने से पग–पग पर विग्रह तथा विनाश का समापन होता है। धर्म का अवलम्बन लेकर चलने से जीवन दिन–दिन उन्नति की ओर अग्रसर होता चलता है। उन्नति पूर्ण जीवन यापन करना ही मनुष्यता है इसके विपरीत अधोगामी जीवन जीना और कुछ भी हो मानवता तो नहीं ही है।

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

युधिष्ठिर विजय महाकाव्य के अनुशीलन से स्पष्ट होता है कि महाकवि वासुदेव ने महाकाव्य में धर्म के स्वरूप को मनोरम ढंग से प्रस्तुत किया है–

सदसद् विचारी वह धर्म, क्षमाशील उन पाण्डवों की परीक्षा लेने की इच्छा से प्रसन्न होकर मृग रूप से ब्राह्मण के भाण्ड (अरणि–युग्म) को लेकर भागा–

**स विचारी क्षान्तेषु प्रयोक्तुकामाः प्रभुः परीक्षां तेषु।**
**अहरत सारङ्गत्वाद् द्विजस्य भाण्डं मुदः प्रसारं गत्वा।।**[5]

धर्म में रमण करने वाले राजा युधिष्ठिर ने अपने प्रसन्न पिता धर्म से वर प्राप्त किये और फिर धर्म के अन्तर्हित होने पर युधिष्ठिर ने ब्राह्मण को आरणि–युग्म समर्पित कर दी।[6] जप–तप सेवा आदि पवित्र कार्यों में लगे रहने के कारण दोनों देवियों को साधु प्रदान किया गया था।[7] धर्म से श्रेष्ठ संकल्पों वाले अत्यन्त धर्मात्मा युधिष्ठिर को प्राप्त किया।[8]

**देव और देवियों का पूजन**

युधिष्ठिर विजय महाकाव्य में महाकवि वासुदेव ने देवताओं के माहात्म्य को प्रकट किया है। जिसमें महाकवि ने सर्वप्रथम भगवान शंकर की वन्दना किया है–

**प्रदिशतु गिरिशः स्तिमितां ज्ञानदृशं वः श्रियं च गिरि शास्तिमिताम्।**
**प्रशमितपरमदमायं सन्तः संचिन्तयन्ति परमदमा यम्।।**[9]

इसी प्रकार से लक्ष्मी और वाग्देवी सरस्वती दोनों देवियों ने समान रूप से विष्णु का आश्रय प्राप्त किया था। अपने पति के द्वारा पूजन अर्चन के लिए प्रेरित किये जाने पर अत्यन्त विनम्र भाव के साथ कुन्ती ने यम, वायु और इन्द्र की पूजा की।[10] पवित्र जप, तप करने वाली दोनों देवियों कुन्ती तथा माद्री की महत्ता का वर्णन है–

**श्रितपरमाद्रीशान्तं पाण्डुं कुन्ती तथैव माद्री शान्तम्।**
**तं भर्तार भार्ये न कदाचिज्जहतुरभिमतारम्भार्ये।।**[11]

अर्जुन अपने द्वारा किये गये कार्यों से ग्लानि का अनुभव करते हैं। वे भगवान शंकर से क्षमा माँगते हैं।[12] महाकाव्य में देवताओं में बलधारी बलदेव, अर्जुन तथा भगवान श्रीकृष्ण एवं सुभद्रा का वर्णन हुआ है।[13] विष्णु ने बलभद्र के छोटे भाई कृष्ण के रूप में यादव कुल में जन्म लिया जिनकी माता देवकी थी। युद्ध के प्रारम्भ में शंख बजने पर देवतागण युद्ध देखने के लिए आकाश में आ गये।

**प्राकृतिक तत्वों की पूजा**

प्रत्येक भारतीय का प्रकृति से अनादि काल से सम्बन्ध रहा है। प्रकृति की गोद में ही वह खेला एवं पला बढ़ा है। अपने सुख दुःखादि की छाया उसको प्रकृति के पदार्थों में भी दिखलायी देती है। शायद इसीलिए संस्कृत साहित्य का कवि प्राकृतिक दृश्यों का चित्रण किये बिना उसकी कृति अधूरी रह जाती है।

युधिष्ठिर विजय महाकाव्य में महाकवि ने प्राकृतिक तत्वों का वर्णन बड़े ही मनोरम ढंग से प्रस्तुत किया है–पाण्डवों ने पैदल ही नदी, समुद्र, वन और धरती को आच्छादित कर देने वाली माँ गंगा को पार किया–

**तैः क्षणदावेलायां संछन्नसरित्समुद्रदावेलायाम्।**
**अधरितसुरसंपद्भिः सुरनद्याः पदमतारि सुरसं पद्भिः।।**[14]

महारानी कुन्ती ने विनायक (गणपति) और सूर्य को सन्तुष्ट करके अपने पति के द्वारा अर्चन के लिए प्रेरित किये जाने पर अत्यन्त सत्कार के साथ यम, वायु और इन्द्र की पूजा की।[15]

शिशिर ऋतु में वनभूमि पर कुन्द नामक पुष्पों ने भगवान श्रीकृष्ण की मुस्कराहट के समान सफेद कुन्द पुष्प जंगल में खिलने लगे।[16]

**यज्ञ विधान**

वैदिक काल से लेकर आज तक चारों वेदों में यज्ञ का बहुत अधिक महत्व बताया गया है। धार्मिक दृष्टिकोण से युधिष्ठिर विजय महाकाव्य के वर्णन से स्पष्ट होता है कि उस समय यज्ञ, तप, दान आदि का महत्व सर्वाधिक था, इसलिए सर्वत्र यज्ञ होते थे।

शरद् काल में मरीचि आदि सप्तर्षियों ने अपने गृहों में जो मुक्तावलियाँ डाली थी वह सब भूत यज्ञ के रूप में छोड़ी गयी।[17] अभिमन्यु जो तेज में अपने पिता के समान था महान उत्सवों से पूर्ण यज्ञ को करने वाला था।

नारदमुनि ने सम्पूर्ण राजनीति का उपदेश देकर अपनी वाणी से गम्भीर विचारों को उत्पन्न करते हुए हर्ष के कारण सुन्दर मुखवाले राजा युधिष्ठिर को राजसूय यज्ञ करने की आज्ञा दी–

**स वचोभी राजनयं निगद्यं निखिलं धियो गभीरा जनयन्।**
**आत्तपरमसौमुख्य नृपमशिषत्कर्तुमध्वरमसौ मुख्यम्।।**[18]

अपार जन समूह से सुन्दर उस राजसूय यज्ञ में युधिष्ठिर ने लोगों के पूजन में अपने छोटे भाई सहदेव को नियुक्त किया था। राजा युधिष्ठिर ने राजसूय यज्ञ को सम्पन्न किया जिसमें श्रेष्ठ विष्णु को होमादि से सन्तुष्ट किया जा रहा था।[19] आपत्काल में मूढ–मन को धारण करने वाले दुर्योधन ने पौण्डरीक यज्ञ किया।[20] वह जयद्रथ अपने वध की बात सुनकर तत्क्षण यज्ञ से उत्पन्न कुशलता पर विचार करने लगा और मुझे यज्ञ सम्पादन से ही इस महान संकट से ही मुक्ति मिलेगी।[21] धनधान्य से पूर्ण पृथ्वी को दिग्विजय के द्वारा वश में करते हुए युधिष्ठिर ने श्रेष्ठ और पूज्य अश्वमेघ यज्ञ सम्पादित किया–

**वसुधान्यवती वशयन् वसुधां परम हयमेघमनल्परसम्।**
**सहितो यजनाभिमुखैः सहितो महितं विततान निकामहितम्।।**[22]

**दान**

दान की परम्परा प्राचीन काल से ही विद्यमान है जिसमें राजा अपनी प्रजा को दान किया करते थे। अन्नदान, वस्त्रदान, विद्यादान, अभयदान और धनदान ये सारे दान इंसान को पुण्य का भागी बनाते हैं। किसी भी वस्तु का दान करने से मन को सांसारिक आसक्ति से छुटकारा मिलता है। श्रीरामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है कि परहित के समान कोई धर्म नहीं है और दूसरों को कष्ट देने के समान कोई पाप नहीं है।

महाकवि ने प्रथम आश्वास में ही दान की महनीयता का वर्णन किया है–

**ज्ञानसमग्रामेयं निवसन्तं विप्रसन्तमग्रामे यम्।**
**तिलकं भूमावाहुर्यस्यार्थिषु दत्तभूमिभूमा वाहुः।।**[23]

राक्षस के भक्षण के लिए अपने पुत्र भीम को दान करके कुन्ती ने जिस साहस और दानशीलता का परिचय दिया है उससे उनकी महानता प्रकट होती है।[24]

उस मायासुर ने युधिष्ठिर के लिए सुन्दर कारीगरी से व्याप्त सभा का यथाशक्ति निर्माण किया। आनन्द के कारण रोमांचित युधिष्ठिर ने दान देकर उस सभागृह में प्रवेश किया–

**तेन च तरसा रचिता सभा नरेन्द्राय चारुतर सारचिता।**
**तां च सदानन्दत्वादुद्गत पुलकोऽविशत्स दानं दत्वा।।**[25]

महाकवि ने अपने महाकाव्य में भरत, भोज और नल आदि दानवीर राजाओं का वर्णन प्रतिपादित किया है।[26] कर्ण अपनी दानशीलता के लिए जगत्प्रसिद्ध था इसलिए वह पापरहित था।

**गुरुपूजा**

महाकवि वासुदेव ने युधिष्ठिर विजय महाकाव्य के प्रथम सर्ग में गुरु की महिमा का वर्णन किया है–

उस समय के तत्कालीन राजा कुलशेखर के शासन–काल में आदि परमेश्वर विष्णु के नाम का चिन्तन करने वाले एवं वेदों का अध्ययन करने वाले 'भारत गुरु' नाम के गुरु हुए।[26] पुराणों का परमाचार्य महान भारतगुरु को जिन्हें साधु लोग शान्त स्वरूप, अमङ्गल से उत्पन्न होने वाले सन्तों के कष्टों के अपहर्ता होने के कारण परमेश्वर कहते हैं उनकी भव्य पूजा अर्चना की–

**यं प्राप रमा चार्य देवी च गिरां पुराण परमाचार्यम्।**
**यमशुभसन्तोदान्तं परमेश्वरमुपदिशन्ति सन्तो दान्तम्।।**[27]

युधिष्ठिरादि राजकुमारों ने तेज, बल, क्षमा, दया और रूपादि गुणों से सारे देवताओं को भी जीत लिया था। उन्होंने गुरु द्रोणाचार्य और कृपाचार्य की कृपा से महास्त्र की प्राप्ति की थी। गुरु की कृपा साधक के लिए परमावश्यक बतलायी गयी है। इनके बिना न ही विवेक होता है और न मोक्ष ही। इसलिए शास्त्रों में गुरु की स्तुति–**गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु ..... गुरुः साक्षात् परब्रह्म** आदि शब्दों में की गयी है।

गुरु की सेवा में तत्पर अर्जुन उस धनुष को उठाने के लिए गुरु के पास से उठा। महाकाव्य में वर्णित है कि गुरुजनों की सेवा में सत्यता के परिपालन से कार्य में विघ्न उत्पन्न नहीं हो सकते–

**अपि समरे सत्यस्य स्याद्बाधा गुरुजनान्तरे सत्यस्य।**
**तस्मात्साहसमासु प्रधनं पश्यामि शत्रुसाहसमासु।।**[28]

इस प्रकार भारत भूमि पर विश्व के लगभग सभी धर्मों के समुदाय रहते हैं। समय के साथ–साथ उनका भारतीकरण भी हुआ। सभी धर्मों के समान धार्मिक नियम आपसी प्रेम सद्भाव, भाईचारे, सुविचार, सत्कर्म पर बल दिया गया है। वर्तमान में कुछ संकीर्णवादी विचारधारा के लोग समाज में सम्प्रदायवाद को बढ़ावा दे रहे हैं। हमें इसे बचाना है, क्योंकि सच्चा धर्म मानवता का है जो हमें पतन से रोकता है।

**सन्दर्भ ग्रन्थ–सूची**


1. महाभारत, अनुशासन पर्व, 54/9
2. महाभारत, उद्योग पर्व–61/15
3. महाभारत, कर्ण पर्व–109/58
4. वैशेषिक दर्शन
5. युधिष्ठिर विजय महाकाव्य–5/62
6. युधिष्ठिर विजय महाकाव्य–5/66
7. युधिष्ठिर विजय महाकाव्य–1/15
8. युधिष्ठिर विजय महाकाव्य–1/20
9. युधिष्ठिर विजय महाकाव्य–1/1
10. युधिष्ठिर विजय महाकाव्य–1/19, 18
11. युधिष्ठिर विजय महाकाव्य–1/15
12. युधिष्ठिर विजय महाकाव्य–4/80
13. युधिष्ठिर विजय महाकाव्य–2/32

14. युधिष्ठिर विजय महाकाव्य–1/71, 21
15. युधिष्ठिर विजय महाकाव्य–1/19
16. युधिष्ठिर विजय महाकाव्य–2/59
17. युधिष्ठिर विजय महाकाव्य–2/56
18. युधिष्ठिर विजय महाकाव्य–3/31, 32, 35
19. युधिष्ठिर विजय महाकाव्य–3/54, 55, 61
20. युधिष्ठिर विजय महाकाव्य–5/50
21. युधिष्ठिर विजय महाकाव्य–7/95
22. युधिष्ठिर विजय महाकाव्य–8/104
23. युधिष्ठिर विजय महाकाव्य–1/8
24. युधिष्ठिर विजय महाकाव्य–1/59
25. युधिष्ठिर विजय महाकाव्य–3/28
26. युधिष्ठिर विजय महाकाव्य–1/6
27. युधिष्ठिर विजय महाकाव्य–1/7
28. युधिष्ठिर विजय महाकाव्य–4/39

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 GISRRJ | Volume 4 | Issue 6 | ISSN : 2582-0095

# स्वतंत्र भारत में आतंकवाद एवं उग्रवाद की समस्याएँ : एक अध्ययन



**विशाल कुमार**
एम.ए., पीएच.डी. (इतिहास)
बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर (बिहार)

**Article Info**
Volume 4 Issue 6
Page Number: 06-11

**Publication Issue :**
November-December-2021

**Article History**
Accepted : 05 Nov 2021
Published : 10 Nov 2021

नक्सलवादी आंदोलन भारत के इतिहास की एक प्रमुख घटना रही है। बिहार जैसे राज्य में तो वह एकमात्र सामाजिक आंदोलन है जिसने गाँव के गरीबों एवं वंचितों की समस्याओं को उठाया है। यह पहला ऐसा आंदोलन है जिसमें गरीब किसानों के साथ–साथ भूमिहीन खेतिहर मजदूरों ने हिस्सा लिया और बहुत हद तक उसे नेतृत्व प्रदान किया। 1967 में पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के एक गाँव नक्सलबाड़ी से शुरू होने के कारण इस आंदोलन को नक्सलवाद कहा जाने लगा। भारत में नक्सलवादी आंदोलन के पीछे की प्रेरणा को समझने के लिए हमें आधी शताब्दी और पीछे जाना होगा। 1949 में चीन में कम्युनिस्ट शासन की स्थापना के बाद ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों को प्रमुखता देने वाला क्रांति का एक दूसरा प्रतिमान बहुत से लोगों को ज्यादा अपील करने लगा। चीन की क्रांति के सफलता के काल में ही हैदराबाद के तेलंगाना क्षेत्र में किसानों का सशस्त्र आंदोलन शुरू हो गया था और कुछ चीनी प्रतिमान पर ही वहाँ से बड़े भू–स्वामियों को खदेड़ दिया गया था। इस आंदोलन को फौज के सहारे दबा दिया गया। लेकिन किसान विद्रोह की संभावना आंध्र के इस भू–भाग से कभी ओझल नहीं हुई। तेलंगाना के माओवादी संगठन में उस भावना की निरंतरता देखी जा सकती है। इधर चीन की आर्थिक नीति को लेकर 1960 में सोवियत संघ से विवाद इतना गहरा हो गया कि इसका सीधा असर दुनिया भर के कम्युनिस्ट आंदोलन पर पड़ा और भारत में रूस समर्थक और चीन समर्थक धड़ों में कम्युनिस्ट पार्टी विभाजित होने लगी।

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

पहला गंभीर विभाजन 11 अप्रैल 1964 को हुआ जब भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) से अलग होकर एक नई पार्टी बनी। उसका नाम था। सीपीआई–मार्क्सवादी। नई पार्टी की जरूरत इसलिए महसूस की गई, क्योंकि असंतुष्ट सदस्यों की निगाह में सीपीआई का नेहरू सरकार के प्रति दृष्टिकोण हमदर्दी का था जो संसदीय पद्धति की जरूरत सिर्फ टेक्टिकल है– काम चलाने भर के लिए। उससे आधारभूत क्रांति नहीं हो पायेगी। उस वक्त शायद सीपीआई–मार्क्सवादी के नेतृत्व को यह यकीन नहीं था कि तीन वर्ष बाद ही उसे सरकार में शामिल होना पड़ेगा।

1967 में देश के कई भागों में गैर–कांग्रेसवाद के लहर के प्रभाव में पश्चिम बंगाल में भी गैर–कांग्रेसी सरकार बनी, जिसमें कांग्रेस से अलग हुए एक गुट के साथ सीपीआई और सीपीएम ने ढाँचे के भीतर किसी मूलभूत परिवर्तन की नीति नहीं थी। इसी स्थिति में सीपीएम के अपने ही असंतुष्टों ने उत्तरी बंगाल के नक्सलबाड़ी इलाके में किसानों का आंदोलन छेड़ दिया। यह आन्दोलन चीनी वैचारिक प्रयोग को भारत की जमीन पर उतारने का प्रथम गंभीर प्रयास था। इस आंदोलन को आरंभिक नेतृत्व मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य चारू मजुमदार, कानू, सान्याल, खोखन मजुमदार तथा जंगल संथाल ने प्रदान किया। इनके नेतृत्व में भूमिहीनों को भूस्वामियों/जोतदारों की जमीन पर कब्जा कर उनके सफाया के लिए प्रोत्साहित किया गया। सीपीएम के उन कार्यकर्ताओं में जो संवैधानिक राजनीति से क्षुब्ध थे उन्हें एक नई दिशा मिली। और मूलतः बंगाल में लेकिन कुछ हद तक सारे भारत के नौजवानों में सांस्कृतिक क्रांति के तर्ज पर कुछ कर डालने का उत्साह पैदा हुआ। 'चीन के राष्ट्रपति हमारे राष्ट्रपति' जैसे नारे इन युवाजनों में काफी लोकप्रिय हो गये।

भारत में बिहार भी उपर्युक्त घटना से अछूता नहीं रहा। यहाँ भी सामंती प्रवृत्ति के लोग इस कार्य में पीछे नहीं रहे। सामंतों का अत्याचार सर्वहारा वर्ग की महिलाओं एवं मजदूरों पर चरम सीमा पर था। इन सभी घटनाओं ने बिहार में नक्सली नेताओं को आने के लिए बाध्य कर दिया। बिहार में नक्सलवाद कब से फैला, इसके बारे में दो तरह की राय है। लिब्रेशन ग्रुप के लोग बिहार में नक्सलवाद की शुरूआत भोजपुर से मानते हैं। इसलिए वे नारा देते हैं–'नक्सलबाड़ी टू एकवारी'। एकवारी भोजपुर जिले का हिस्सा है। लेकिन यह सच नही है। बिहार में नक्सलवाद का आरंभ मुजफ्फरपुर के मुशहरी से हुआ।

सीपीएम के 600 कार्यकर्ताओं ने विद्रोह किया और वे सत्यनारायण सिंह के नेतृत्व में नक्सलवादी हो गये। उस वक्त सत्यनारायण सिंह सीपीएम की बिहार शाखा के जेनरल सेक्रेटरी थे। मुजफ्फरपुर में 1968 से किसान संग्राम समिति नामक संगठन काम कर रहा था, जिसके नेता राजकिशोर सिंह थे। इस समिति में नक्सली हावी थे। जमीन की पहली जब्ती गंगापुर में हुई। नरसिंहपुर का जमींदार बिजली सिंह अपने लठैतों के साथ लड़ने आया, पर लठैतों को

पीटकर भगा दिया गया। कहा जाता है कि इस संघर्ष में बिजली सिंह के हाथी का सूँड़ काट लिया गया था। किसानों ने अरहर की फसल काट ली। नक्सली नेता सत्यनारायण सिंह ने घोषणा की–''गंगापुर लड़ाकू किसान जनता का प्रतीक बन गया है।''

15 अगस्त, 1968 को किसानों ने जमींदारों की फसल लूट ली और इसी दिन मुशहरी प्रखण्ड में उन्होंने सशस्त्र प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस की ओर से कार्रवाई शुरू हुई। कई फर्जी मुकदमें किये गये। आन्दोलनकारी भूमिगत हो गये। किसानों ने लगातार जमींदारों के घर पर आक्रमण किया। इस क्षेत्र के छह जमींदारों की उन्होंने हत्या कर दी। इस दरम्यान किसानों ने ऋण के कागजातों को जलाया, अन्न लूटा और फसलों पर कब्जा किया। 23 अगस्त को हरकेश गाँव में घंटों तक पुलिस से लड़कर किसानों ने आंदोलन दरभंगा, चम्पारण और दक्षिण मुंगेर में फैल गया। मुशहरी में कुल 18 लोग मारे गये। मरने वालों में दो महत्वपूर्ण नेता भी थे–राजकिशोर सिंह और कॅमरेड तसलीम। बढ़ते हुए नक्सलवाद से निपटने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री दारोगा प्रसाद राय ने दरभंगा, मुंगेर, जमशेदपुर और मुजफ्फरपुर जिले के लिए विशेष पुलिस सेल गठन का फैसला किया। एक छोटे अंतराल में ही यहाँ के कृषि–क्षेत्र की अशांति ने दीर्घकालीन कृषि आंदोलन की संभावनाओं को सामने ला दिया। इन संभावनाओं को देखकर क्रांतिकारी कम्युनिस्ट इस किसान संघर्ष को उत्तर के श्री काकुलम मानने के लिए उत्साहित हो गए। हालांकि यह संघर्ष शुरू होने के पहले ही लड़खड़ा गया था फिर भी इसने बिहार में सशस्त्र संघर्ष के दरवाजे खोल दिए।

जयप्रकाश नारायण ने 'नक्सलवादी खतरा' को मिटाने के उद्देश्य से विकास कार्य शुरू करने के लिए मुसहरी को चुन लिया। उस समय उन्होंने कहा कि बंधुआ मजदूर की मजदूरी निर्धारित मजदूरी की आधी थी और ग्रामीण हिंसा की जमीन गरीबी, बेरोजगारी और सामाजिक–आर्थिक अन्याय के बदौलत तैयारा हुई। मुसहरी का संघर्ष एक राजनीतिक विचारधारा को लागू करने के क्रम में पैदा हुआ था, लेकिन राजनीतिज्ञों, प्रशासनिक अधिकारियों, जमींदार और शूदखोर कृषि क्षेत्र की अशांति पर दोष मढ़ने पर उतारू थे।

उल्लेखनीय है कि मुसहरी संघर्ष दो बुनियादी मुद्दों पर लड़ा गया थाः 'जमीन जोतने वालों की' के लिए और जातीय भेदभाव के खिलाफ। इस प्रकार यह संघर्ष आर्थिक शोषण और सामाजिक उत्पीड़न के खिलाफ था। लेकिन इस प्रक्रिया में सामंती सत्ता को नष्ट करने और किसानों के प्राधिकार को स्थापित करने के मूल उद्देश्य की उपेक्षा हुई। यही उपेक्षा संघर्ष की सीमा रेखा बन गई। माओ ने सिखाया था कि जनता और पार्टी पर भरोसा रखो। लेकिन नेतृत्व की इस नीति से किसानों के खिलाफ पूर्वग्रह का संकेत मिला। इस हद

तक पूर्वाग्रह कि उसने उन्हें पिछड़ा और सिर्फ आर्थिक मुद्दों से सरोकार रखने वाला मान लिया।

गौरतलब है कि 1970 के दशक में नक्सलवादियों ने पुलिस के साथ कई जगहों पर जबर्दस्त संघर्ष किए। इसी समय यह भी साबित हुआ कि दमन के बल पर नक्सलवादियों को नहीं दबाया जा सकता क्योंकि इमर्जेन्सी के दौरान ही नक्सलवादियों ने सबसे ज्यादा सैनिक कार्रवाईयां की ओर सबसे ज्यादा वर्ग शत्रुओं का सफाया भी किया। लेकिन पुलिस के साथ संघर्ष में नक्सलवादियों की सैनिक शक्ति का भी काफी नुकसान हुआ। सन् 1975 के अंत में लिबरेशन गुट के पास सिर्फ एक हथियारबंद दस्ता बच गया था–भोजपुर के सहार ब्लाक में और वह भी घुमंतू बन चुका था जिसे पार्टी के लिए संभालना मुश्किल हो गया था। अंत में पार्टी ने दस्ते के सदस्यों को व्यक्तिगत रूप से संगठनकर्त्ता के रूप में बिखेर दिया।

इस क्रांतिकारी आंदोलन में विभिन्न जातियों से आए सदस्यों का प्रवेश व्यापक वर्गीय एकजुटता और वर्गीय समन्वय कायम करने के माध्यम से होता है। यह काम उस समाज की पृष्ठभूमि में हो रहा था तो पवित्रता और अपवित्रता, शुद्ध और अशुद्ध के आचरण को ईश्वरीय विधान मानता था। अंतरजातीय आदान–प्रदान के विविध प्रतिबंध खत्म नहीं हुए थे, लेकिन आर्थिक हित और युगों पुराना सामंती सामाजिक और लैंगिक उत्पीड़न के खात्मे के मामले में नई वर्गीय पांतबंदी हो रही थी।

दरअसल बिहार में नक्सलवादी आंदोलन के दौरान सामाजिक गतिशीलता के तीन दौर, इस प्रकार थेः

पहले दौर में प्रतिरोध आंदोलन शुरू करने के लिए प्रचार और जनता को संगठित करना शामिल रहता है। इस दौर में किसान जमींदारों, सूदखोरों और समाजविरोधी तत्वों के उत्पीड़न और शोषण की हर कार्रवाई को मानने से इंकार कर देते हैं। साथ ही साथ, वे सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक क्षेत्रों में समान व्यवहार की भी मांग करते हैं। इस उपयोग प्रचार से किसानों की चेतना अस्तित्वमान व्यवस्था को चुनौती देने के स्तर तक पहुंच जाती है।

दूसरा दौर : क्रांतिकारी किसान वर्ग दुश्मन के सफाए की लाइन का अनुसरण करते हुए चुनिंदा लक्ष्यों पर हमला करते हैं। वे सिर्फ दुश्मन के हमलों से अपना बचाव नहीं करते, बल्कि आक्रामक रूख भी अपनाते हैं। वे जमींदारों, और अन्य शक्तिशाली ग्रामीण शासक वर्गों और उनके एजेंटों से हथियार छीन लेते हैं। इस मोड़ पर राज्य अपनी पुलिस और मिलिट्री के बदौलत शासक वर्गों के पक्ष में हस्तक्षेप करता है। यहाँ क्रांतिकारी किसान जनता राज्यसत्ता के खिलाफ बचाव की लड़ाई लड़ती है।

तीसरा दौर : क्रांतिकारी किसान प्रतिक्रियावादी शक्तियों के खिलाफ निर्णायक हमला बोल देती है और जीत हासिल करती है। तब मुक्तांचल की व्यवस्था का संचालन क्रांतिकारी किसान कमिटि द्वारा होने लगती है।

**निष्कर्ष**

आजादी के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के लिए अनेक कार्यक्रम शुरू किए गए, लेकिन बिहार में सत्ता के सामंती चरित्र, जटिल नियम–कानून, भ्रष्टाचार, प्रशासनिक उपेक्षाओं, जागरूकता की कमी जैसे कारणों से विकास का लाभ कुछेक वर्गों और मुट्‌ठीभर लोगों तक सीमित रहा। भूमि–सुधारों को प्रभावी ढ़ंग से लागू नहीं किया गया। भूमि सुधार के तहत भूमिहीनों के बीच गैर मजरूआ जमीन और सरकारी जमीन बाँटने की योजना भी अपनी दयनीय स्थिति पर रोती ही रही। इस संदर्भ में इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि शोषित–वंचित तबकों ने अन्याय और उपेक्षा से त्रस्त होकर नक्सली विचारधारा की शरण ली और फिर शासनतंत्र के खिलाफ हथियार उठा लिया। यह भी सही है कि जहाँ कहीं भी विकास की रोशनी नहीं पहुँच सकी है वहाँ की जनता त्रस्त है, लोकतांत्रिक समाज माओवादियों के इस माँग से सहमत है कि बहुसंख्यक लोगों की जीवन स्थितियों में सुधार होना चाहिए। लेकिन खेद शोषित वंचितों के उत्थान का दावा करने वाले माओवादी संगठन ही विकास में रोड़े अटका रहे हैं यदि ऐसा नहीं होता तो सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास के लिए किए जा रहे कार्यों को बाधित क्यों किया जाता? सडकों को क्यों उड़ा दिया जाता है?

सारांश के रूप में, बिहार में कृषि संबंधों से उभरते असंतोष ने वर्तमान कृषि संरचना में बदलाव के दिशा में ले जाने वाले सामाजिक आंदोलन के लिए जगह बनाई है। दूसरी और, अंतर्विरोधियों और विवादों से उभरते सामाजिक विन्यास ने संसाधनों तक पहुंच के लिए संघर्ष, वर्तमान समाज व्यवस्था के खिलाफ चुनौती, आत्म निर्णय की मांग, चुनावी जनतंत्र में भागीदारी के लिए बढ़ता संघर्ष, विकास योजनाओं पर नियंत्रण के लिए संघर्ष को नई ऊँचाई तक पहुंचा दिया।

वर्तमान समय में सर्वहारा वर्ग की क्रांति का नारा लगाने वाला नक्सलवादी आंदोलन अपने मूलभूत सिद्धांतों, उद्देश्यों व कार्यप्रणाली से दिग्भ्रमित हो चुका है। नक्सलवादी संगठनों की कार्यप्रणाली के बारे में आम जनता की अवधारणा में बहुत फर्क है। नक्सलवादी आंदोलन में पैठ चुके उट–पटांग कामों से आम जनता में बहुतेरे लोग भयभीत और आश्चर्यचकित हैं।

**संदर्भ सूची :**


1. अजय कुमार सिंह, नक्सलिज्म इन बिहार, विशाल पब्लिकेशन, जलांधर, 2007, पृष्ठ 23–24.
2. उपरोक्त, पृ. 25.
3. उपरोक्त, पृ. 31.
4. उपरोक्त.
5. प्रकाश लुईश, जनशक्ति : मध्य बिहार में नक्सलवादी आंदोलन, मानक, नई दिल्ली, 2008, पृ. 147.
6. जयप्रकाश नारायण, फेस टू फेस, विजन बुक्स, नई दिल्ली, 1972, पृ. 10.
7. के.के. दत्ता, बायोग्राफी ऑफ कुंवर सिंह एण्ड अमर सिंह, के.पी. जयसवाल इंस्टीच्यूट, पटना, 1957.
8. कल्याण मुखर्जी, भोजपुर : एक सोशल एण्ड इकॉनोमिक सर्वे नेशनल लेबर इंस्टीच्यूट, नई दिल्ली (अप्रकाशित)
9. कल्याण मुखर्जी, 'भोजपुर : नक्सलिज्म इन दी प्लेन्स ऑफ बिहार', पूर्वोक्त, पृ. 34.
10. एस. पाण्डेय, नक्सल वायलेंस : ए सोशियोपॉलिटिकल स्टडी, चाणक्य, दिल्ली, 1985, पृ. 23–29.

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 GISRRJ | Volume 4 | Issue 6 | ISSN : 2582-0095

# R. K. Laxman % The Uncommon Creator of Common Man



Dr. Sandhya Saxena
Associate Professor,
Department of English, V.R.A.L. Govt. Mahila Mahavidyalaya,
Bareilly. U. P.

**Article Info**
Volume 4 Issue 6
Page Number: 07-13

**Publication Issue :**
November-December-2021

**Article History**
Accepted : 10 Nov 2021
Published : 30 Nov 2021

With the demise of the legendary cartoonist R.K.Laxman on Jan 26th, 2015 the curtain was drawn down on an era of cartooning which represents great deal of ethics and balance. Laxman enriched the genesis of political cartooning for decades through his brilliant creation of Common Man which proved to be his outstanding contribution to the columns of the *Times of India*.
Born in the year 1924 in Mysore, as the youngest son of Venkatarama Krishnaswamy Iyer, a very strict head master of Maharaja's High School in Mysore, Rasipuram Krishnaswamy Laxman rose to be a national icon. Much to his disappointment he was denied admission to famous J.J. School of Arts, and his cartoons were returned by the Dean with the remark; 'I see no talent whatsoever. Please continue with your studies.' (*Tunnel, 60*) It was the time when Laxman was already contributing to local magazine *Koravanji*, besides illustrating his brother, R.K. Narayan's stories in *The Hindu*. The rejection of the application, however, didn't discourage Laxman. He continued with his art without any formal education in that sphere and after many years, he was honoured with an invitation by the dean of J.J. School of Arts to distribute prizes to the winners of the annual exhibition of paintings by students.

Laxman contributed to several journals and magazines like *Swarajya*, *Blitz*, *The Hindu*, *Swatantra* and Kannada humour magazine, *Koravanji*. In 1947, he joined the *Free Press Journal*, Bombay as a political cartoonist. Six months later, he joined *The Times of India*, beginning a career that spanned for over fifty years. *The Times*' readers had been very fond of his political cartoons and *You Said It* column that used to appear on the front page for years. Laxman is known for his distinctive illustrations in several books, most notably for the Malgudi stories written by his elder brother R.K. Narayan. Shankar Nag directed a serial on these stories.

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

He also created a popular mascot for the Asian Paints group called *Gattu*. His cartoons have appeared in Hindi films such as *Mr. and Mrs. 55* and a Tamil film *Kamaraj*. Laxman also tried hand on short stories and travel articles, some of which are collected in *Idle Hours*. His two novels, *Hotel Riviera* and *The Messenger* as well as the collections of his cartoons in the series *The Best of Laxman* and *Laugh with Laxman* have been published by the Penguin. In June 1998, the *Times of India* published a collection entitled *Fifty Years of Independence through the Eyes of Laxman*. For his fabulous art Laxman has been honoured with numerous awards, including Asia's top journalism award, the Ramon Magsaysay Award, in 1984 and the prestigious Padma Vibhushan by the Government of India, in 2005. An honorary degree of the *Doctor of Literature* was conferred on him by the University of Marathwada. Through his graphic representation of the contemporary reality, Laxman has emerged as one of the most penetrating satirists of the day. His cartoons are hilarious and thought- provoking.

The art of cartooning and caricature which was initially denounced as 'a low art' by art critics and art historians gradually won currency as 'the ideal type of deformity' the grotesque, which Leonardo da Vinci used to grasp the concept of ideal beauty. In the sixteenth century the Italian caricaturist Annibale Carracci compared the caricaturist's task with the art of a classical artist as both of them are able to notice the truth masked behind surface reality%

The one may strive to visualize the perfect form and to realize it in his work, the other to grasp perfect deformity, and thus reveal the very essence of a personality.

(*Navasky, 28*)

Thus, a caricaturist aims at perfection even in deformity. For the renowned Indian cartoonist R.K.Laxman:
The art of ideal caricature is to bring out the essence of a personality through credible exaggeration.

(*Tunnel, 133*)

The word caricature has been derived from the Italian word 'caricare' which means 'to load' as in 'a vessel or a weapon.' A caricaturist invests his image with lots of meaning. Steve Platt, the editor of the *New Statesman* writes that the nature of caricature is 'to take a distinctive feature and exaggerate it literally to overload it.'(*Navasky, 37*) Caricature is a quick impressionistic drawing that exaggerates prominent physical characteristics to humourous effect. It brings out the subject's inner self in a kind of physiognomic satire. Though caricature is the earliest mode of graphic humour and satire, it could not gain currency as a form and expression of artistic excellence for ages.

Caricature is an important component in the creation of political cartoons along with allusions. Caricature parodies the individual and allusion creates the situation or the context in which the individual is placed. In his widely illustrated work *The Art of Controversy: Political Cartoons and Their Enduring Power* Victor S. Navasky focuses on the emotional power of cartoons and caricatures as well as their capacity "to enrage, upset, and discombobulate otherwise rational people and groups and drive them to disproportionate- to- the-occasion, sometimes violent, emotionally charged behavior."(*Navasky, xxi*)

A political cartoon is motivated by the contemporary political situation. According to Jonathan Burack:
Political cartoons are vivid primary sources that offer intriguing and entertaining insights into the public mood, the underlying cultural assumption of an age, and attitude towards key events or trends of the times.

(Burack)

The apparent simplicity of political cartoon is deceptive: the simpler the drawing and the visual image, the more complex is the thought behind it. A political cartoon plays an important role in influencing the contemporary political reality. Michael Foot, the former leader of the British Labour Party has commented:

'Nothing to touch the glory of the great cartoonists! They catch the spirit of the age and then leave their own imprint on it; they create political heroes and villains in their own image; they teach the historians their trade.'

(*Encarta M.S.*)

The awesome power of political cartoons has often caused worldwide uproar resulting into censor, threatening, incarceration and even murder of the cartoonist and caricaturist. Doug Marlette's *What Would Mohammad Drive* (2009) Barry Blitt's *The Politics of Fear* (2008), Danish newspaper *Jyllands – Posten*'s cartoons depicting Prophet Muhammad, and in India, Harish Yadav's cartoon of Narandra Singh Modi, the Chief Minister of Gujarat at that time, are among several instances of caricatures and political cartoons that have aroused protest among people. R.K. Laxman also faced the threat to be banned when Morarji Desai became the chief minister of Bombay. When Laxman drew a cartoon on the theme of the prohibition to snuff out, Desai was so outraged that he held a meeting of the cabinet to hush him. He argued that the cartoonists should be banned from ridiculing the politicians, ministers and the government.

Thankfully, it did not work: Desai was gently reminded that our constitution protected freedom of speech and expression, and better sense prevailed.

(*Bhandari 12-13*)

Like any other form of art, cartoons are meant to be studied and interpreted. Although other forms of art can also be misinterpreted, cartoons' vulnerability to misinterpretation is greater than that of any other form because of cartoons' use of image- language instead of words. An "artist's intention is one thing and the message transmitted by a cartoon, which once released functions as a totem beyond control, is another." (*Navasky, 37*)

R.K. Laxman exercised 'controlled distortion' to appeal to a class of readers having 'sophisticated taste' (*Ibid*) The caricaturist in Laxman distorts human face without losing the essence of humour in it. He exaggerates and exploits the physical features of great personalities like Morar ji Desai, Nehru, and Indira Gandhi. Rajeev Gandhi's tall, handsome exterior was a challenge to the cartoonist yet he managed to find point in his features for distortion. In his autobiography Laxman describes how he exaggerated the physical features of Rajeev Gandhi to meet his ends. He shortened his nose, thickened his eyebrows, reduced his hair to make him look more bald- headed than he really was and presented that image in *The Times*.

Shortly, people started to remark that Rajiv had begun to resemble my cartoon version of him, losing his original God- given good looks!

*(Tunnel, 194)*

As Laxman exercises 'controlled distortion,' his caricatures and political cartoons are less vulnerable to misinterpretation and controversy. This disciplined response is rooted into the vibrant comic tradition that India has nurtured for ages. Unfortunately, Indian comic tradition is not widely known and noticed. Even R.K. Laxman, in the introduction to the collections of his cartoons acknowledges;

Just over a century ago the art of cartooning came to India from England and struck roots. Although other forms of art like sculpture, poetry and painting had flourished in our country for centuries, the art of graphic satire and humour was unknown.

( *Village, vii*)

Laxman further concedes that humour and satire existed in India in folklore and popular poetry, and also in the 'funny antics and humourous articles of the court jester.' (*Ibid*) In India, there is rich tapestry of court jesters like Birbal, Tenali Rama and Gopal Bhar. The tradition is continued in Nehru's friend Shankar, in modern India. The stories about the legendary court jesters and tricksters Tenali Rama, Gopal Bhar and Birbal have been handed down to the generations of Indians through oral tradition. These stories have been told and retold in the form of comic strips and story books.

Lie Siegel, in his serious and hilarious study of the Indian comic sense of life entitled *Laughing Matters: Comic Tradition in India*, brings to light the essence of Indian comic tradition through a profound survey of the unexplored realms of Indian classical literature. The traditional Indian categories of laughter include "laughing at others and laughing at oneself." *(Siegel, xiii)* These two categories are roughly parallel to the western tradition of satire and humour. Comic laughter is caused when people try to be what they are not while satire focuses on the affectation and hypocrisy itself:

While satire attacks the vice that claims to be virtue and the folly that is accepted as wisdom, humor celebrates the virtue (or at least the delight) of roguery and the wisdom (or at least the humanness) of folly.

(*Siegel, xiv-xv)*

Whereas the humourist laughs at his own cost, the satirist attacks the follies and vices of others; 'But reform is merely an occasional by- product of satirical laughter, the excuse for it, not its goal.' *(Siegel, 63)* R.K. Laxman continued to work with his cartoons and caricatures for long but he could hardly change the mind of a politician. He once said;

" If I had lashed at granite with a feather with the single- minded zeal as I have bestowed on my work, by now I would, perhaps, have been able to show some faint feather marks on the rock…. [but ] not a trace of a dent have my cartoons caused in any sphere of human activity, whether social, economic or political."

( *You Said It*, *vol.5, intro*)

It is the motif of the satirist to make the world laugh with him at the existing rot and the consequent speculation is only accidental. Satire and humour are two sides of the same coin; satire makes one laugh at the incongruities of life with a spirit to mend them while humour makes one laugh at the absurdities that are inherent and natural.

When a cartoonist comments on or ridicules the existing reality, he aims at redeeming the world of the existing evil. Laxman's cartoons and caricatures characterized with humour, and satire are meant to perform the function of the licensed court- jester, unveiling to the administration and the government authorities the other side of development and prosperity. His drawings are full of penetrating satire and humour that appears to overshadow the enveloping gloom. His cartoons covered a vast range of Indian administrative, political and social system depicting widely corrupt ministers, outcasts and underprivileged folk leading a roofless existence, sights of flood, fire, famine, corrupt practices and red-tapism in various forms and so on and so forth. His comic vision catches unity in disunity.His art of cartooning is primarily focused upon the political wrangling and political byplays that have been staged in India's politics. His passion for political cartooning has made him draw every significant happening in India's politics so minutely and painstakingly that 'A Cartoonist's History of India' could be drawn from his cartoons that appeared regularly in the pages of the *Times of India* for more than fifty year.




His Common Man is a fabulous creation that remained constant despite waves of changes in the country. The Times of India celebrated 175 years of its odyssey as the leading newspaper in India with this 'ONE CONSTANT' (*TOI, Nov.14, 2013*) striding on the front page. This unique creation of Laxman can be seen hanging around a cabinet room, a slum-area, a public place, a busy street, a housewife's kitchen and the like. Through him, Laxman intends to appeal to the common Indian who has mutely accepted the humdrum around him. He is his creator's instrument to comment on socio- economic and socio- political aspects of Indian life. This legendary creation became synonymous for *The Times of India* for more than sixty years. To commemorate 175 years of the newspaper, a stamp depicting the evolution of the Common Man was released at the Rashtrapati Bhawan by the President of India, Pranab Mukherjee:




(*TOI, Nov 14, 2013, 7*)

With the help of his Common Man Laxman attempted to "bring down from their lofty heights, the national, international and local events and render them accessible to the common people." (*Tunnel, 145*) His graphic images illustrate a point effectively and convey it instantly to the onlooker without any lanes and by lanes of verbal discussion. Visual images are often seriously misinterpreted and arouse immediate uproar but Laxman's 'controlled distortion' has carefully avoided these potholes. His visual satire and attack on the political paraphernalia of the country have largely functioned without raising any controversies. His ironic detachment restrains him from taking sides. Like his brother R.K.Narayan, Laxman, too, is a minute observer of the incongruities of life and avoids condemnation or rejection. He only projects the situation with light humourous vein and holds an ironic smile at the absurdities of society. As a cartoonist of promising career Laxman cast a keen, observant glance at every social and political occurrence of the time and drew a response whose impact was difficult, rather impossible to avoid as "The quicksand of graphic protest is difficult to anticipate and impossible to escape." (*Devadawson, 1*)

**References:**


वेदों का अध्ययन पूर्णिमा को शुरू होकर पौष पूर्णिमा को समाप्त होता था। शेष महीनों में पाठों का आवृत्ति एवं पुनरावृत्ति होती रहती थी। उस समय विद्यार्थी के अनुशासनहीनता का दंड देने की परिपाटी थी। पाठ्यक्रम को विस्तार से याद करने, अर्थ को विस्तार से गुरु को बताने का दंड दिया जाता था। जब तक मंत्र शिष्य को कंठस्थ नहीं हो जाते थे, तब तक गुरु शिष्य को माफ नहीं करता था। वैदिक कालीन शिक्षा पद्धति में धीरे–धीरे पाठ्यक्रम का विस्तार होता गया, जिसमें वेदों, वेदांगों के साथ–साथ साहित्य, दर्शन, गणित, व्याकरण, चिकित्साशास्त्र इत्यादि विषयों का अध्ययन किया जाता था।

## शोध आलेख का उद्देश्य

प्रस्तुत शोध आलेख का उद्देश्य वैदिक कालीन शिक्षा–पद्धति की दिशा और दशा का सामान्य परिचय प्राप्त करते हुए इस शिक्षा–पद्धति की मुख्य विशेषताओं और स्वरूप का अध्ययन करना है।

## वैदिक कालीन शिक्षा–पद्धति का स्वरूप

वास्तव में प्राचीन भारत में शिक्षा ऐसी ताकत थी जो मानव को विकसित एवं सशक्त बनाकर उसके समस्त गुणों का विकास करके उसे जीवन के लिए तैयार करती थी। इसलिए यह कहा भी गया कि उस मनुष्य को जो विभिन्न संस्कृति, भाषा, शास्त्रों और साहित्यों का ज्ञान रखता हो परन्तु उसकी अन्तंदृष्टि का जागरण नहीं हो पाया, तो वह विद्वान–विद्वान नहीं। भारत में 2500 ई0पू0 से 500 ई0पू0 तक वेदों का वर्चस्व रहा। इतिहासकार इस काल को वैदिक काल कहते है। वैदिक काल में हमारे देश में एक समृद्ध शिक्षा प्रणाली का विकास हुआ। इस शिक्षा प्रणाली को **वैदिक शिक्षा पद्धति** कहते हैं। वैदिक शिक्षा पद्धति इसलिए की इसका विकास वैदिक काल में हुआ और यह वैदिक धर्म एवं दर्शन पर आधारित थी।

वैदिक काल को भी भिन्न–भिन्न विद्वानों ने भिन्न–भिन्न उपकालों में विभाजित किया है शिक्षा की दृष्टि से उसे दो उपकालों में विभाजित किया जाता है। **प्रारंभिक वैदिक काल और उत्तर वैदिक काल।** उत्तर वैदिक काल में शिक्षा पर ब्रह्मणों का एक छात्र अधिकार हो गया था। इसलिए कुछ विद्वान उत्तर वैदिक कालीन शिक्षा प्रणाी को **ब्रह्मणीय शिक्षा पद्धति** भी कहते है क्योंकि यह शिक्षा प्रणाली हिन्दुओं द्वारा विकसित हुई थी इसलिए कुछ विद्वान इन दोनों को **हिन्दू शिक्षा पद्धति** भी कहते है, हमारी दृष्टि से इन्हें वैदिक शिक्षा प्रणाली कहना अधिक उपयुक्त है और वह इसलिए की 2000 वर्ष लम्बे इस वैदिक काल में शिक्षा प्रणाली में मूलभूत समानता रही थी। केवल ज्ञान में विकास के साथ–साथ इसकी पाठ्यचार्य और शिक्षण विधियों में विकास हुआ था। वैदिक शिक्षा पद्धति की विशेषताएं या स्वरूप इस प्रकार से है :–

## वैदिक काल में विद्यारम्भ संस्कार

यह संस्कार उस समय होता था जब बालक प्राथमिक शिक्षा आरम्भ करता था। इस संस्कार के समय बालक को अक्षर ज्ञान कराया जाता था। बालक पहले सरस्वती, विनायक और अपने परिवार के देवताओं की उपासना करता था। उसके बाद गुरु उससे वर्णमाला के अक्षरों को लिखवाता था। **डॉ ए0एस0 अल्तेकर के अनुसारः** विघारम्भ संस्कार, उपनयन संस्कार के अनेक वर्षो बाद उस समय आरम्भ हुआ जब वैदिक संस्कृत, जनसाधारण की बोलचाल की भाषा नहीं रह गई थी। इस संस्कार के विषय में **डॉ0 वेद मित्र** ने लिखा है – ''यह संस्कार पांच वर्ष की आयु में होता था और साधारणतः सब जातियों के बालकों के लिए था।''

### वैदिक काल में उपनयन संस्कार

यह संस्कार उस समय होता था जब बालक गुरू के संरक्षण में वैदिक शिक्षा आरम्भ करता था। **'उपनयन' का शाब्दिक अर्थ है – ''पास ले जाना''**। दूसरे शब्दों में बालक को वैदिक शिक्षा प्राप्त करने के लिए गुरू के पास के पास ले जाया जाता था। गुरू बालक को पहले **''सावित्री मंत्र'' अर्थात ''गायत्री मंत्र''** का उपदेश देता था और उसके बाद उसे शिक्षा देना आरम्भ करता था।

समावर्तन का शाब्दिक अर्थ है–**''घर लौटना''**। यह संस्कार लगभग 25 वर्ष की आयु में होता था, जब छात्र गुरू गृह से लौटकर अपने घर जाता था और ब्रह्मचर्य आश्रम का परित्याग करके गृहस्थ आश्रम में प्रवेश करता था। जिस दिन यह संस्कार होता था, उस दिन दोपहर के समय छात्र स्नान करके और नये वस्त्र धारण करके गुरू के समक्ष उपस्थित होता था। गुरू पहले उसे मधुपर्क देता था और आधुनिक युग के दीक्षान्त भाषण के रूप में उसे **''समावर्तन उपदेश''** देता था। इस उपदेश का कुछ अंश इस प्रकार है– शिष्य सर्वदा सत्य बोलना। अपने कर्तव्य का पालन करना। स्वाध्याय में प्रमाद मत करना जो अच्छे कार्य हमने किये है, गुरू उनका अनुकरण करना, श्रद्धा से दान देना। तुम्हे हमारा यही आदेश है। यही उपदेश है।

### वैदिक काल में गुरूकुल व्यवस्था

प्राचीन भारतीय शिक्षा की एक मुख्य विशेषता गुरूकुल प्रणाली थी। गुरूकुल किसी सुन्दर प्राकृतिक स्थान में, साधारणतः किसी ग्राम नगर के निकट होते थे। ताकि छात्रों की दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति हो सकें और उन्हें भिक्षाटन की सुविधा रहे। छात्र अपने गुरू के पास उसके कुल के सदस्य के रूप में रहकर ज्ञान का अर्जन करते थे और उससे वास्तविक जीवन की शिक्षा प्राप्त करते थे। दो गुरू के उच्च विचारों और आदर्शो को अनुकरण करके अपने श्रेष्ठ जीवन का निर्माण करते थे।

### वैदिक काल में अध्ययन की अवधि

प्राचीन काल में अध्ययन की अवधि आमतौर पर 12 वर्ष थी। इस अवधि में छात्र केवल एक वेद था अध्ययन कर सकते थें। यदि वे एक से अधिक वेदों का अध्ययन करना चाहते थे, तो उनको प्रत्येक वेद के लिए 12 वर्ष अध्ययन करना पड़ता था। 12, 24, 36, और 48 वर्ष की आयु तक अध्ययन करने वाले छात्र क्रमशः स्नातक, बसु, रूद्र और आदित्य कहलाते थे। साहित्य और अर्थशास्त्र के छात्रों के अध्ययन की अवधि 10 वर्ष की थी।

### वैदिक काल में शिक्षा की प्रशासनिक एंव वित्त–व्यवस्था

**1. निःशुल्क शिक्षा**– वैदिक काल में शिक्षा पूर्ण रूप से निःशुल्क प्रदान की जाती थी। शिष्यों के रहने तथा खाने–पीने की सारी व्यवस्था गुरु स्वयं करते थे।

**2. राज्य के नियंत्रण से मुक्त**– वैदिक काल में शिक्षा–व्यवस्था पर पूर्णरूप से गुरुओं का ही व्यक्तिगत नियंत्रण होता था। वैदिक काल में शिक्षा पर राज्य का नियंत्रण नहीं होता था, क्योंकि शिक्षा–व्यवस्था करना राज्य का उत्तरदायित्व नहीं होता था।

**3. आय के स्रोत–** वैदिक काल में गुरुकुलों को राज्य की तरफ से कोई निश्चित अनुदान प्राप्त नहीं होता था बल्कि राजा या समाज के धनिक लोग गुरुकुलों को स्वेच्छा से भूमि, वस्त्र, अन्न, पशु, पात्र इत्यादि

वस्तुएँ भेंट–स्वरूप प्रदान करते थे। अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु शिष्य प्रतिदिन समाज से भिक्षा माँग कर लाते थे। इसके अतिरिक्त गुरुकुलों को गुरु दक्षिणा के माध्यम से भी आय प्राप्त होती थी।

**वैदिक काल में शिक्षण का समय**

शिक्षण के समय विषय में पर्याप्त जानकारियां उपलब्ध नहीं है। चूंकि वैदिक काल में मुद्रणालय, कागज एवं सस्ती पुस्तकें नहीं थी। अतः स्वभाविक निष्कर्ष यही निकलता है कि पठन–पाठन का सब कार्य आचार्य की देख–रेख में होता था। सम्भवः शिक्षण का कार्य प्रातकाल से दोपहर तक और फिर कुछ विश्राम तथ भोजनादि के उपरन्त सायकाल तक चलता था। प्राचीन ढंग की संस्कृत पाठशालाएं कुछ समय पूर्व तक इसी प्रकार के कार्यक्रम का अनुसरण करती थी।

**वैदिक काल में शिक्षण की विधि**

प्राचीन काल में शिक्षण की विधि–प्रवचन और व्याखान के रूप में मौखिक थी और श्रवण, मनन, चिन्तन, स्वाध्याय और पुनरावृत्ति उसके मुख्य अंग थें। छात्र गुरू के मुख से वेद ग्रन्थों को सुनते थे और उसके उच्चारण को सुनकर पीछे–पीछे उच्चारण करते थे। छात्रों की शंकाओं का समाधान करने के लिए प्रश्नोत्तर–विधि, वाद–विवाद विधि और शास्त्रार्थ का प्रयोग होता था।

**वैदिक काल में कक्षा नायकीय पद्धति**

शिक्षा पद्धति में गुरू प्रत्येग छात्र पर व्यक्तिगत ध्यान देता था। कभी–कभी गुरू के पास विद्या अर्जन के लिए अधिक छात्र आ जाते थें या फिर कभी गुरू को आवश्यक कार्य से कहीं बाहर जाना होता था तो कक्षा के ज्येष्ठ और श्रेष्ठ छात्र शिक्षण कार्य किया करते है। इससे दो लाभ होते थे पहला गुरू की अनुपस्थिति में शिक्षण कार्य चलता रहता था तथा दूसरा कक्षा नायक कुछ समय के बाद शिक्षण कार्य में दक्ष हो जाते थे।

**वैदिक काल में गुरू–शिष्य सम्बन्ध**

वैदिक काल में गुरू–शिष्य सम्बन्ध बड़े ही घनिष्ठ थे। गुरू के शिष्य के प्रति तथा शिष्य के गुरू के प्रति पारस्परिक कुछ कर्तव्य होते थे यथा –

**शिक्षक के प्रति छात्र के कर्तव्य :–**

छात्र अपने गुरू का स्थान माता–पिता तथा देवता से कम नहीं समझते थे। उनका हृदय से सम्मान करते थे। उनकी प्रत्येक आज्ञा का पालन करते थे। सुबह उठकर उनका अभिवादन करके नीचे बैठकर पाठ पढ़ते थे। छात्र–गुरु के लिए दांतुन, स्नान के लिए पानी, तथा गुरूकुल के अन्य कार्यो में उनकी मद्द करते थे।

**छात्रों के प्रति शिक्षक के कर्तव्य :–**

वैदिक काल में गुरू, छात्र का पिता माना जाता था शिक्षक छात्र को ज्ञान प्रदान करने के साथ–साथ छात्रों का शारीरिक मानसिक और अध्यात्मिक विकास करने के लिए सदैव प्रयत्नशील रहता था। वह छात्रों का चरित्र निर्माण, भोजन एवं वस्त्रों का प्रबन्ध करता था। यदि कोई छात्र बीमार हो जाता था तो वह उसकी सेवा तथा औषधि की व्यवस्था करता था।

**वैदिक काल में दण्ड व्यवस्था**

प्राचीन शिक्षा पद्धति में दण्ड के विधान पर सभी शिक्षाशास्त्री एक मत नहीं हैं। दण्ड, उपवास, समझाना तथा उपदेश के रूप में विद्यमान था। उदाहरणार्थ, आपस्तम्ब ने लिखा है कि गुरू छात्रों से उपवास करवा सकता था और उसे अपने पास से दूर भेज देता था। इसके विपरीत मनु का कथन है कि गुरू, रज्जु या पतली छड़ी से छात्र को शारीरिक दण्ड दे सकता था जो कि कठोर नहीं होता था।

**वैदिक काल में शिक्षा के मुख्य केंद्र**

वैदिक काल में प्राथमिक शिक्षा घरों में तथा उच्च शिक्षा की व्यवस्था गुरुकुलों में होती थी। ये गुरुकुल वैदिक काल में प्रायः नगरों से दूर होते थे परंतु उत्तर–वैदिक काल में ये बड़े–बड़े नगरों तथा तीर्थ स्थानों पर स्थापित होने लगे। उस काल में तीर्थ स्थान धर्म–प्रचार के केंद्र होने के साथ–साथ उच्च शिक्षा के केंद्र के रूप में भी विकसित हुए। उस समय शिक्षा के प्रमुख केंद्र तक्षशिला, पाटलिपुत्र, मिथिला, धार, कन्नौज, नासिक, कांची व कर्नाटक थे।

**निष्कर्ष**

उपरोक्त तर्कों के आधार पर हम वह सकते है कि वैदिक कालीन शिक्षा पद्धति हमारे देश में शिक्षा की अति सुन्दर व्यवस्था थी। शिक्षा का कर्त्तव्य व्यक्ति का बहुमुखी विकास करना था। शिक्षा मानव के व्यक्तित्व का निर्माण, उसकी मानसिक शक्तियों का विकास, उसके जीवन के अर्थ तथा महत्व की व्याख्या और उसे इहलोक से परलोक दोनों में आत्मिक उत्थान करने में सहायता देती थी।

वैदिक शिक्षा–प्रणाली आधुनिक भारतीय शिक्षा–प्रणाली का नींव का पत्थर है। उसी के आधार पर आधुनिक शिक्षा प्रणाली का विकास हुआ है। सच बात तो यह है कि वैदिक कालीन शिक्षा प्रणाली हमारी संस्कृति पर आधारित थी और संस्कृति से हम अलग हो नहीं सकते। आज भी हमारी शिक्षा के उद्देश्य मूल रूप से वही हैं जो वैदिक काल में थे। वैदिक काल की भाँति हम आज भी समस्त ज्ञान–विज्ञान, कौशल और तकनीकी शिक्षा को पाठ्यचर्या में सम्मिलित करते हैं। आज भी हम शिक्षक और शिक्षार्थियों के बीच मधुर संबंध स्थापित करना चाहते हैं और आधुनिक काल की शिक्षा प्रणाली और वैदिक शिक्षा प्रणाली में जो अंतर है वह तो विकास के क्रम में होना स्वाभाविक ही था।

कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि वैदिक कालीन शिक्षा प्रणाली उस समय की संसार की श्रेष्ठतम शिक्षा प्रणाली थी, परंतु आज के भारतीय समाज के स्वरूप और उसकी भावी आवश्यकताओं की दृ ष्टि से उसके कुछ तत्त्व ग्रहणीय हैं और कुछ तत्त्व त्याज्य हैं। हमें वैदिक कालीन शिक्षा के ग्रहणीय तत्त्वों को ग्रहण कर अपनी वर्तमान शिक्षा प्रणाली को प्रभावी बनाने का प्रयत्न करना चाहिए।

## सन्दर्भ ग्रंथ सूची

1. डॉ0 वैदिक, राधेश्याम सिंह, भारत समाज, संस्कृति एवं साहित्य विश्व भारती पब्लिकेशन्स नई दिल्ली।
2. सिंह, डॉ. वी0 बी0 सिंह, पाहुजा, सुधा, भारत में शिक्षा व्यवस्था का विकास, मेरठ, आर लाल बुक डिपो, संस्करण–2010

3. गुरुकुल शिक्षा का महत्त्व और प्रासंगिकता http://www.divyamanavmission.org/index.php/current&affairs/254-siksha
4. डॉ0 भटनागर, ए0 बी0 तथा भटनागर सुरेश, भारतीय शिक्षा प्रणालीः इतिहास, विकास एवं तात्कालीन समस्याएं, आर0 लाल0 बुक डिपों, मेरठ, संस्करण–2014
5. प्रो0 लाल, रमन बिहारी तथा डॉ0 कान्त कृष्ण, समकालीन भारत और शिक्षा, आर0 लाल0 बुक डिपों, मेरठ, संस्करण–2016
6. मिश्र, डॉ0 भास्कर, वैदिक शिक्षा पद्धति, महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान उज्जैन, संस्करण–2001
7. अग्रवाल, जे0 सी0, भारत में शैक्षिक प्रणाली का विकास, आगरा, आर0 एस0 ए0 इंटरनेशनल, तृतीय संस्करण–2015
8. मिश्रा, राजकुमार, भारतीय शिक्षा एवं सामाजिक समस्याएं, श्री कविता प्रकाशन, जयपुर, राजस्थान, संस्करण–2006
9. डॉ0 शुक्ला, सी0 एस0, भारत में शिक्षा प्रणाली का विकास, इन्टरनेशनल पब्लिशिंग हाऊस, मेरठ, संस्करण–2009
10. मदान पूनम, भारत में शिक्षा का विकास एवं समस्याएं, अग्रवाल पब्लिकेशन, laLdj.k&2014@15
11. डॉ0 भास्कर, मिश्र वैदिक शिक्षा पद्धति, प्रकाशक– महर्षि संदीपनी राष्ट्रीय वेद–विद्या
12. प्रतिष्ठान, उज्जैन।
13. शर्मा एवं लाल, भारतीय शिक्षा का इतिहास, विकास एवं समस्याएं, आर0 लाल0 बुक डिपों, मेरठ, संस्करण–2010
14. डा0 गुप्ता अरूण, समकालीन भारत एवं शिक्षा, ठाकुर पब्लिकेशन, संस्कारण–2015/16
15. https://www.gkexams.com/ask/62897-Vaidik-Kaal-Me-Shiksha
16. डॉ0 सिंह वी0 पी0, भारत में शिक्षा व्यवस्था का विकास, आर0लाल0 बुक डिपों मेरठ, संस्करण–2013
17. त्यागी, गुरसरन दास, भारत में शिक्षा का विकास, अग्रवाल पब्लिकेशन, संस्करण–2010/11
18. डॉ0 चौबे, एस0 पी0, भारतीय शिक्षा का विकास एवं समस्याएं, इंटरनेशनल पब्लिकेशन, हाऊस, मेरठ, संस्करण–2011
19. पाठक, पी0 डी0 भारतीय शिक्षा और उसकी समस्याएं, अग्रवाल पब्लिकेशन, संस्कारण–2014/15
20. लुणिया, बी0 एन0, भारतीय सभ्यता तथा संस्कृति का विकास, प्रकाशक लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, आगरा।

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 GISRRJ | Volume 4 | Issue 6 | ISSN : 2582-0095

# कठोपनिषद् व मुण्डकोपनिषद् में वैराग्य की विवेचना

**डॉ. सुमन**
प्रोफेसर पतंजलि आयुर्वेद महाविद्यालय, हरिद्वार।
एवं शोधच्छात्रा डी.लिट. पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार।

**Article Info**
Volume 4 Issue 6
Page Number: 57-62

**Publication Issue :**
November-December-2021

**Article History**
Accepted : 01 Dec 2021
Published : 25 Dec 2021

**शोधपत्र सार**– संसार में प्रतिदिन कुछ न कुछ घटित होता रहता है। इन घटनाओं को सामान्य व्यक्ति देखता है, सुनता है और जानता भी है, परन्तु इन घटित घटनाओं से कोई सीख नहीं लेता है। किन्तु कुछ व्यक्तित्व ऐसे भी देखे, सुने व जाने जाते हैं, जो बहुत छोटी–छोटी घटनाओं से बहुत बड़े–बड़े निर्णय लेते हैं। भारतवर्ष में ऐसे महान् व श्रेष्ठ व्यक्तियों की कमी नहीं है, जिन्होंने समाज में होने वाली घटनाओं का विश्लेषण कर बहुत बड़े–बड़े ऐश्वर्यों, सुखों, साधनों व सुविधाओं को तिनके की भाँति ठुकरा कर बहुत कठिन राह को चुना है और अन्ततोगत्वा परमधाम मोक्ष को प्राप्त हो गए हैं। समाज में कुछ व्यक्तित्त्व ऐसे देखे जाते हैं, जो सामान्य लोगों से हटकर या भिन्न अथवा अलग सोचते हैं, अलग जीवन जीते हैं तथा अलग रास्ता अपनाते हैं। वैसे सामान्यत: व्यक्ति अपने व अपने परिवार व अपने रिश्तेदारों के सुख–सुविधाओं के बारे में सोचते हैं परन्तु एक वैराग्यभाव से परिपूर्ण व्यक्ति 'वसुधैव कुटुम्बकम्' अर्थात् सारी धरती मेरा परिवार है अत: वह सारे संसार के सुख–सुविधाओं के बारे में सोचता है। ऐसे ही एक सामान्य व्यक्ति सुबह से शाम तक धन कमाने व भरण–पोषण तथा सांसारिक भोगों को भोगने में ही अपना पूरा जीवन बिता देता है परन्तु संसार से विमुख होकर त्याग के रास्ते पर चलने वाला एक विरक्त संन्यासी जीवनभर संसार का उपकार करता हुआ परमपिता परमेश्वर की उपासना करता हुआ आनन्दमय जीवन बिताता है। इसी प्रकार सामान्य जन प्रेयमार्ग अर्थात् भोग–विलास का रास्त अपनाते हैं, जो कि वर्त्तमान में सुखदायी प्रतीत होता है और वस्तुत: परिणाम में दु:खदायी होता है– **'विषयेन्द्रियसंयोगाद्यत्तदग्रेऽमृतोपमम्। परिणामे विषमिव तत्सुखं राजसं स्मृतम्।।'**[1] जब कि एक मुमुक्षु व्यक्ति तलवार की धार के समान अत्यन्त कठिन श्रेयमार्ग को अपनाता है, क्योंकि वह जानता है कि यह मार्ग वर्त्तमान में कठिन प्रतीत होने वाला व वस्तुत: परिणाम में सुख देने वाला है। अत: संसार में दो ही रास्ते चलने के लिए बताए गए हैं– श्रेयमार्ग व प्रेयमार्ग।

**मुख्य शब्द-** श्रेय, प्रेय, विद्या, अविद्या, ईश्वर–प्रणिधान, अपरिग्रह, आत्मा, ईश्वर, कोश।

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

**कठोपनिषद् में वैराग्य की विवेचना-** उपनिषद् ब्रह्मविद्या के प्रतिपादक ग्रन्थ हैं, अतः उनमें वैराग्य का विषय प्रधानरूप से वर्णित है। कठोपनिषद् में तो संसार की अनित्यता का बहुत ही स्पष्ट शब्दों में विस्तार से वर्णन मिलता है। यम द्वारा नचिकेता को बहुत सारे सांसारिक पदार्थों के प्रलोभन दिए जाने पर नचिकेता ने इनकी अनित्यता का बहुत सुन्दर उत्तर यम को इस प्रकार दिया है कि ये सुखभोग मनुष्य के लिए श्वोभाव हैं-आज हैं, कल नहीं। ये इन्द्रियों के तेज को क्षीण कर देते हैं। इन भोगों को भोगने के लिए सारा का सारा जीवन भी बहुत थोड़ा है। ये हाथी-घोड़े, यह नाचना-गाना अपने ही पास रख, ये मुझे नहीं चाहिए। मनुष्य धन से तृप्त नहीं हो सकता। जो वस्तुएँ स्वयं अध्रुव हैं, अस्थिर हैं, उनसे वह ध्रुव, स्थिर ब्रह्म नहीं प्राप्त हो सकता। अमृत को चाहने वाला कोई धीर पुरुष ही होता है, जो विषयों से आँखें मून्द लेता है और मुड़ कर आत्मा को देखता है।

**श्वोभावा मर्त्यस्य यदन्तकैतत्सर्वेन्द्रियाणां जरयन्ति तेजः।**

**अपि सर्वं जीवितमल्पमेव तवैव वाहास्तव नृत्यगीते॥**

**न वित्तेन तर्पणीयो मनुष्यो लप्स्यामहे वित्तमद्राक्ष्म चेत्त्वा।**[2]

अन्यत्र भी वैराग्यपरक वर्णन इस प्रकार मिलता है-

**अन्यच्छ्रेयोऽन्यदुतैव प्रेयस्ते उभे नानार्थे पुरुष सिनीतः।**

**तयोः श्रेय आददानस्य साधु भवति हीयतेऽर्थाद्य उ प्रेयो वृणीते॥**

**श्रेयश्च प्रेयश्च मनुष्यमेतस्तौ सम्परीत्य विविनक्ति धीरः।**

**श्रेयो हि धीरोऽभि प्रेयसो वृणीते प्रेयो मन्दो योग क्षेमाद् वृणीते॥**[3]

यमाचार्य नचिकेता से कहते हैं- श्रेय मार्ग अन्य है, प्रेय मार्ग अन्य है। ये दोनों भिन्न-भिन्न प्रयोजनों से पुरुष को बांधते हैं। इनमें से श्रेय को ग्रहण करने वाले का भला होता है। जो प्रेय का वरण करता है, वह लक्ष्य से हट जाता है। श्रेय तथा प्रेय, ये दोनों मार्ग मनुष्य के सामने आते हैं। धीर-पुरुष वह है, जो कोई काम जल्दी में नहीं करता, तात्कालिक फल नहीं देखता। वह प्रेय की अपेक्षा श्रेय का ही वरण करता है। मन्द-बुद्धि व्यक्ति योग-क्षेम-कुशल-मंगल-सुख-चैन-के लिए, आराम से जीवन बिताने के लिए प्रेय मार्ग का वरण करता है।

**दूरमेते विपरीते विषूची अविद्या या च विद्येति ज्ञाता।**

**विद्याभीप्सिनं नचिकेतसं मन्ये न त्वा कामा बहवोऽलोलुपन्त॥**

**अयं लोको नास्ति पर इति मानी पुनः पुनर्वशमापद्यते मे॥**[4]

ये दोनों-अविद्या तथा विद्या-एक दूसरे से दूर हैं, विपरीत हैं, उल्टे हैं, विलक्षण हैं। हे नचिकेता! मैं यह मान गया कि तू विद्या की चाहना करने वाला है, श्रेय मार्ग का पथिक है। तुझे तरह-तरह की कामनाएँ ललचा नहीं सकीं, तूने प्रेय-मार्ग पर चलना पसन्द नहीं किया। संसार के लोग अविद्या में फंसे हुए, सांसारिक भोगों में पड़े हुए, अपने को धीर और पंडित माने फिरते हैं। टेढ़े रास्तों से इधर-उधर भटकते हुए ये मूढ़ ऐसे जा रहे हैं जैसे अन्धा अन्धे को रास्ता दिखा रहा हो। जो बड़ा होकर भी बुद्धि का बच्चा ही है। धन के मोह में दूसरी कोई बात सोच ही नहीं सकता। ऐसे प्रमादी को साम्पराय-शौच, सन्तोष, तप, स्वाध्याय, ईश्वर-प्रणिधान तथा अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह-यम-नियम-पसन्द नहीं आते। वह यह मान बैठा है कि यही लोक सबकुछ है, परलोक में कुछ भी नहीं है। ऐसा व्यक्ति बार-बार मेरे चंगुल में आ फँसता है, बार-बार मरता है, बार-बार पैदा होता है।

**जानाम्यह शेवधिरित्यनित्यं न ह्यध्रुवैः प्राप्यते हि ध्रुवं तत्।**

**ततो मया नचिकेतश्चितोऽग्निरनित्यैर्द्रव्यैः प्राप्तवानस्मि नित्यम्॥**

**अध्यात्मयोगाधिगमेन देवं मत्वा धीरो हर्षशोकौ जहाति॥5**

यमाचार्य नचिकेता को समझाते हुए कहते हैं कि मैं जानता हूँ कि यह धन-सम्पत्ति अनित्य है। जो वस्तुएँ स्वयं अध्रुव हैं, अस्थिर हैं, उनसे वह ध्रुव, स्थिर ब्रह्म नहीं प्राप्त हो सकता। इसी कारण मैंने नाचिकेत-अग्नि का चयन किया है। तीनों सन्धियों को पार किया है। ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ तथा संन्यास आश्रमों में से गुजरा हूँ। इस प्रकार अनित्य द्रव्यों से ही नित्य को मैंने पा लिया है। वैसे तो अनित्य की प्राप्ति नहीं हो सकती परन्तु यदि नाचिकेत-अग्नि का चयन किया जाए, नचिकेता में जो अग्नि जल उठी थी, वह हममें भी प्रदीप्त हो उठे और चारों आश्रमों में से प्रत्येक आश्रम के अनुभव से जो नवीन आत्म-ज्योति मिले, उसे अपना पथ-प्रदर्शक बनाया जाए तो अनित्य संसार से भी नित्य की प्राप्ति हो सकती है। तूने कामनाओं को पूर्ण करने की उमँगों को (पुत्रैषणा) को, धनी होने के कारण मिलने वाले सम्मान को (वित्तैषणा) को, कभी समाप्त न होने वाले कर्मकांड को (लोकैषणा) को, निर्भीकता की सीमा को, चारों ओर से उच्च-ध्वनि से होने वाले जय-जय नाद को, सब तरह की प्रतिष्ठा को, आँखों से देखकर हे धीर नचिकेता! धीरता के साथ छोड़ दिया। उसके दर्शन कठिनता से होते हैं। वह गूढ़ से भी गूढ़ है। वह दुर्गम गुफाओं में छिपा बैठा है। वह सबसे पुरातन है। उसे अध्यात्मयोग से प्राप्त कर सकते हैं।-अध्यात्म-योग अर्थात् इन्द्रियों का ऐसा चलन, जिससे वे विषयों की ओर जाने की अपेक्षा आत्मा की ओर चलती हैं। उस देवता को जब मनुष्य मान जाता है, तब वह धीर हो जाता है, हर्ष तथा शोक दोनों को छोड़ देता है, द्वन्द्वों से ऊपर उठ जाता है।

**यः सेतुरीजानानामक्षरं ब्रह्म यत्परम्। अभयं तितीर्षतां पारं नाचिकेत शकेमहि॥**

**इन्द्रियाणि हयानाहुर्विषयांस्तेषु गोचरान्। आत्मेन्द्रियमनोयुक्तं भोक्तेत्याहुर्मनीषिणः॥** [6]

जो लोग यज्ञ-याग आदि में इसलिए लगे हुए हैं कि भव-सागर को तर कर पार जाना चाहते हैं, अभय, परब्रह्म को पाना चाहते हैं। उनके लिए वास्तविक पुल तो कर्मकांड नहीं, परन्तु नाचिकेत-अग्नि अर्थात् ज्ञानकाण्ड ही है। उससे हम उसे प्राप्त कर सकते हैं। आत्मा रथी है अर्थात् रथ का मालिक है, शरीर एक रथ है, बुद्धि सारथी है-मन लगाम है और इन्द्रियाँ घोड़े हैं, इन्द्रियों के विषय वे मार्ग हैं, जिन पर इन्द्रियरूपी घोड़े दौड़ते हैं। मनीषी लोग कहते हैं कि जब आत्मा, इन्द्रियाँ तथा मन मिलकर कोई काम करते हैं, तब मनुष्य भोक्ता कहलाता है।

**उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत।**

**क्षुरस्य धारा निशिता दुरत्यया दुर्गं पथस्तत्कवयो वदन्ति॥**

**अनाद्यनन्तं महतः परं ध्रुवं निचाय्य तन्मृत्युमुखात्प्रमुच्यते**"[7]

इसलिए उठो, जागो, जिन शान्तात्मा महात्माओं को परमात्मा का वरदान मिल चुका है, उनकी शरण में पहुँचो और उनसे ब्रह्म-विद्या का बोध प्राप्त करो। यह मार्ग तेज किए हुए छुरे की धार के समान है, उसे लाँघना कठिन है। कवि लोग कहते हैं कि वह मार्ग दुर्गम है। वहाँ शब्द नहीं, स्पर्श नहीं, रूप नहीं, रस नहीं, गन्ध नहीं, उत्पत्ति व विनाश नहीं है। वह नित्य है, अनादि है, अनन्त है, महान् है, सबसे परे है, ध्रुव है, निश्चल है और एकरस है। मनुष्य जब उसे निश्चित रूप में जान लेता है तब मृत्यु के मुख से छूट जाता है।

**मुण्डकोपनिषद् में वैराग्य की विवेचना-** मुण्डकोपनिषद् में भी वैराग्य की महत्ता का वर्णन पद-पद पर मिलता है। भौतिक पदार्थों की आसक्ति को बन्धन का कारण बताकर उस ब्रह्म की ओर जाने की प्रेरणा पद-पद पर इस प्रकार की गई

है– द्युलोक, पृथिवीलोक, अन्तरिक्षलोक अर्थात् यह विशाल ब्रह्माण्ड एवं मन तथा सभी प्राण अर्थात् यह छोटा पिण्ड, उसी ब्रह्म में ताने–बाने की तरह ओत–प्रोत है। उसी एक आत्मा को पहचानो-**'तम् एव एकं जानथ'**, अन्य बातें करना छोड़ दो- **'अन्या वाचो विमुञ्चथ'**, दु:खमय भवसागर से पार होकर अमृत तक पहुँचने का वही पुल है–'अमृतस्य एष सेतु:' जो व्यक्ति कामनाओं को ही सब–कुछ मान बैठा है, उन्हीं की आराधना करता है, वह उन कामनाओं से भिन्न–भिन्न योनियों में उत्पन्न होता है। जिस व्यक्ति के लिए कामनाएँ पर्याप्त हो चुकी हैं, बहुत हो चुकी हैं, अब उनमें वह नहीं फँसता हुआ वैराग्यभाव से ओतप्रोत होकर कृतात्मा हो जाता है। आगे भी इस वैराग्यभाव की बहुत सुन्दर विवेचना इस प्रकार की गई है–

**ऊर्ध्वमूलोऽवाक्शाख एषोऽश्वत्थ: सनातन:। तदेव शुक्रं तद् ब्रह्म तदेवामृतमुच्यते।।**[8]

यह मनुष्य का शरीर तो एक सनातन अश्वत्थ है–(अ=नहीं, श्व:=कल, स्थ=स्थायी)। यह आज है, कल नहीं। यह उल्टा टँगा हुआ वृक्ष है। अगर मनुष्य को उल्टा लटका दिया जाए तो सिर की जटाएँ जड़ की तरह और हाथ–पैर वृक्ष की शाखाओं की तरह फैल जाते हैं। इस शरीर में क्यों रमता है, इस देह को तो पेड़ की तरह जड़ समझ, वास्तविक सत्ता यह नहीं, वह है। वही शुक्र है, वही ब्रह्म है, वही अमृत कहलाता है। सब लोक उसी में आश्रित हैं। उससे बढ़कर कोई नहीं। यही–एतत् वै तत्–ब्रह्म है।

**यदा सर्वे प्रमुच्यन्ते कामा येऽस्य हृदि श्रिता:। अथ मर्त्योऽमृतो भवत्यत्र ब्रह्म समश्नुते।।**[9]

मनुष्य के हृदय में जो कामनाएँ हैं, वे जब छूट जाती हैं तब मर्त्य अमृत हो जाता है और यहीं, इस जन्म में, ब्रह्म को प्राप्त कर लेता है। मनुष्य के हृदय में जो गाँठें हैं, वे जब टूट जाती हैं तब मर्त्य अमृत हो जाता है। यह मरण धर्मा अमर हो जाता है, यही शास्त्रों का उपदेश है।

**भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशया:। क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन्दृष्टे परावरे।।**

**न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्रतारकं नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयमग्नि:।**

**तमेव भान्तमनुभाति सर्वं तस्य भासा सर्वमिदं विभाति।।**

**अधश्चोर्ध्वं च प्रसृतं ब्रह्मैवेदं विश्वमिदं वरिष्ठम्।।10**

हृदय की सब गाँठें (Emotional Complexes) टूट जाती हैं। मस्तिष्क के सब संशय छिन्न–छिन्न हो जाते हैं। मनुष्य जिन नाना कर्मों में व्याकुलता से भागा फिरता है, वे छूट जाते हैं। जब उसका पर और अवर ओर–छोर दीख जाता है। हिरण्मय कोश सोने का खजाना–जो तुम्हें दीखता है, इससे दूर एक आध्यात्मिक सुवर्ण का खजाना है। दुनिया के खजाने का सिक्का मैला है, उस खजाने का सिक्का निर्मल है, निष्कल्मष है। तुम इस सोने की चमक से चकाचौंध हो रहे हो, उसे देखो जो शुभ्र है, ज्योतिषां ज्योति: ज्योतियों की ज्योति है। संसार में रमने वाले इन खजानों के गीत गाते हैं। आत्मा को जानने वाले उस खजाने को जानते हैं, जिसकी चमक के बराबर दुनिया में कोई चमक है ही नहीं। उसकी ज्योति के सम्मुख सूर्य की ज्योति क्षीण हो जाती है। चन्द्र, तारे, विद्युत् वहाँ तेजोहीन हो जाते हैं; इस आग का तो कहना ही क्या? उसकी ज्योति के पीछे ही सब प्रकाशित होते हैं। उसके प्रकाश से ही यह सम्पूर्ण विश्व प्रकाशित हो रहा है। अमृत ब्रह्म ही सामने है, ब्रह्म ही पीछे है, ब्रह्म ही दक्षिण में है, ब्रह्म ही उत्तर में है, नीचे ब्रह्म है, ऊपर ब्रह्म है। यह सम्पूर्ण विश्व और इस संसार में जो–कुछ भी वरिष्ठ है, सब ब्रह्म ही ब्रह्म का प्रसार है, उसी का विस्तार है।

**द्वा सुपर्णा सयुजा सखाय: समानं वृक्षं परिषस्वजाते।**

**तयोरन्य: पिप्पलं स्वाद्वत्त्यनश्नन्न्यो अभिचाकशीति।।**

**तदा विद्वान्पुण्यपापे विधूय निरञ्जन: परमं साम्यमुपैति।।**[11]

सुन्दर पंखों वाले, साथ-साथ जुड़े हुए, एक-दूसरे के सखा दो पक्षी हैं। ये दोनों एक ही वृक्ष को सब ओर से घेरे हुए हैं। उनमें से एक वृक्ष के फल को बड़े स्वाद से चख रहा है, दूसरा बिना चखे सब कुछ देख रहा है। जीवात्मा तथा परमात्मा ही दो पक्षी हैं, प्रकृति ही वृक्ष है, कर्मफल ही वृक्ष का फल है। जीवात्मा को कर्मफल मिलता है, परमात्मा प्रकृति में सक्त हुए बिना सम्पूर्ण विश्व का द्रष्टा है (श्वेताश्वतर्ॖ. में भी यही भाव है)। प्रकृति-रूपी वृक्ष तो दोनों के लिए समान ही है, परन्तु जीवात्मा तो उसके फल को चखकर बेबस हो जाता है, सामर्थ्यहीन हो जाता है, उसी के खाने में निमग्न हो जाता है, बाद में अपनी मूर्खता पर पछताने लगता है। दूसरी ओर परमात्मा? परमात्मा प्रकृतिरूपी वृक्ष के फल को नहीं खाता, मात्र द्रष्टा बना हुआ है, सम्पूर्ण प्रकृति उसी की उपासना में लीन है। जीवात्मा जब परमात्मा की इस महिमा को देख लेता है, तब शोक करना, पछताना छोड़ देता है। जब जीवात्मा द्रष्टा बनकर बृहत् विश्व के कारण, इसके स्वामी, इसके कर्त्ता, प्रकाश-स्वरूप उस परम पुरुष को देख लेता है, वह बोध प्राप्त कर पुण्य-पाप को छोड़कर, शोक, मोह, राग, द्वेष से अलग होकर परम समता को प्राप्त कर लेता है।

**नायमात्मा बलहीनेन लभ्यो न च प्रमादात्तपसो वाप्यलिङ्गात्।**
**एतैरुपायैर्यतते यस्तु विद्वांस्तस्यैष आत्मा विशते ब्रह्मधाम।।**[12]

आत्मा को शारीरिक बल से हीन व्यक्ति प्राप्त नहीं कर सकता। मानसिक प्रमाद में पड़ा हुआ व्यक्ति भी इसे प्राप्त नहीं कर सकता। अलिंग तप-प्रयोजन हीन तपस्या- करने वाला भी इसे प्राप्त नहीं कर सकता। जो यह सब कुछ जानता हुआ इन उपायों से उसे प्राप्त करने का प्रयत्न करता है, उसे आत्मा प्राप्त होना तो क्या, वह होना उससे पीठ फेरकर अपने ब्रह्म धाम में जा छिपती है। उसके सामने प्रकट ही नहीं होती। ज्ञानामृत से तृप्त दिन-रात आत्माराधन में व्यस्त, वीतराग, प्रशान्त ऋषि, आत्मा को प्राप्त करके अपनी आत्मा को परमात्मा से जोड़ देते हैं। परमात्मा सब जगह पहुँचने वाला है।

**निष्कर्ष-** कठोपनिषद् एवं मुण्डकोपनिषद् के वैराग्य विषय का परिशीलन करने के उपरान्त यह निष्कर्ष निकल कर आता है कि दिन-रात सांसारिक पदार्थों में डूबे रहने वाले व्यक्ति की गति बहुत ही दयनीय होती है क्योंकि उसने अपना सारा अनमोल जीवन तुच्छ वस्तुओं की प्राप्ति में नष्ट कर दिया। ऐसे दयनीय जीवन से विवेकी व्यक्ति तो यह सीख ले लेता है कि ईश्वर प्रदत्त इस श्रेष्ठ जीवन को तुच्छ वस्तुओं की प्राप्ति में नहीं लगाना है अपितु नचिकेता की तरह जीवन व जागतिक वस्तुओं की नश्वरता, अस्थिरता व क्षणिकता को जानकर इनके पीछे न भागकर श्रेयमार्ग अर्थात् मुक्ति के मार्ग की ओर अग्रसर होना है। अपने वर्त्तमानकालिक इस जीवन में यदि यथार्थता को नहीं जाना तो हम भी इस दुनियाँ की तरह धन-ऐश्वर्य, पुत्र-पौत्र, हाथी-घोड़े व नाच-गाने में अपना अमूल्य जीवन समाप्त कर देंगे। अतः सांसारिक भोगों से ऊपर उठकर श्रेयमार्ग पर चलने में ही सबका भला है।

**संदर्भ-**


1. गीता प्रेस गोरखपुर, 2019 ई., उ.प्र., गीता.- 18.38
2. डॉ. सत्यव्रत सिद्धान्तालङ्कार, विजयकृष्ण लखनपाल प्रकाशन,W-77 , ग्रेटर कैलाश-1, नई दिल्ली, कठ.उप. 1.26.27
3. वही. 2.1-3
4. वही. 2.4-6
5. वही. 2.10-12
6. वही. 3.2-4
7. वही. 3.14,15
8. वही. 6.1
9. वही. 6.14-15
10. आदिशङ्कराचार्य, 2000ई., गीता प्रेस गोरखपुर, उ.प्र., मु.उप.- 2.2.8-11
11. वही. 3.1.1-3
12. वही. 3.2.4

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 GISRRJ | Volume 4 | Issue 6 | ISSN : 2582-0095

# संस्कृतसाहित्ये रथविमर्शः

**Nayan Bala Das**
Assistant Professor, Department of Sanskrit, Balurghat Mahila Mahavidyalaya, West Bengal, India

**Article Info**
Volume 4 Issue 6
Page Number: 63-68

**Publication Issue :**
November-December-2021

**Article History**
Accepted : 01 Dec 2021
Published : 25 Dec 2021

**सारांशः –** सम्प्रति समाजे गमनागमनस्य माध्यमरूपेण विविधक्षेत्रे नानाविधानां आधुनिक-यानानां प्रयोगः परिदृश्यते। तथैव प्राचीनकालेऽपि गमनागमनाय विविधयानानां प्रचलनमासीत्। विशालेऽस्मिन् संस्कृतसाहित्ये अर्थात् वेदे, इतिहासे, पुराणे, काव्ये नाटके चेत्यादिषु गमनागमनस्य माध्यमरूपेण गजः, तुरगः, रथः, प्रवहणं, डयनं, शकटः, अनः, कम्बलिवाह्यकं, गन्त्री, दोला, प्रेङ्खा, द्वैपः, वैयाघ्रः, शिविका, याप्ययानं, पाण्डुकम्बली, काम्बलः, वास्त्रः इत्यादीनां व्यवहारः भवति स्म। एतेषु **रथः** सुप्रसिद्धैकः माध्यमो आसीत्। देवताः राजानश्च न केवलं गमनागमनार्थं युद्धार्थं च, अपितु क्रीडनार्थं, भ्रमणार्थं रमणार्थं च रथस्य प्रयोगं कृतवन्तः। अन्यत्र बहुत्रापि रथस्य प्रयोगः दृश्यते। विविधप्रसङ्गे रथस्य प्रयोगः वेदेषु, कोशग्रन्थेषु, काव्येषु, शिल्पसाहित्येषु, उत्सवादिषु च परिलक्ष्यते। रथशव्दः उपमारूपेण कुत्रचित् शरीररूपेण जगद्रूपेण च व्यवह्रयते। लौकिकसंस्कृतसाहित्ये विविधप्रसङ्गे बहुषु स्थलेषु रथस्य चर्चा परिदृश्यते। तन्मद्धे अन्यतमोऽस्ति रथस्य गतिवर्णना। भासकालिदासाभ्यामारभ्य परवर्तिसमये प्रायः सर्वेऽपि संस्कृतकवयः नाट्यकाराश्च तेषां काव्येषु नाटकेषु च प्रथारूपेण एव रथस्य वर्णनां कृतवन्तः। अनेन ज्ञायते यत् संस्कृतसाहित्ये रथशब्दस्य महत्त्वपूर्णस्थानमासीत्।

**मूलविन्दवः –** रथः, वेदेषु रथः, कोशग्रन्थेषु रथः, काव्येषु रथः, शिल्पशास्त्रेषु रथः, उत्सवादिषु रथः।

अपारे संस्कृतवाङ्मयेऽस्मिन् प्रायशः सर्वासां विद्यानां विवधितया वर्णनं दृश्यते। नहि तादृशः लौककिः वा अलौककिो विषयोऽस्ति यः संस्कृतवाङ्मये नोपलभ्यते। निखिलमपि संस्कृतवाङ्मयं वैदकिवाङ्मयं लौककिवाङ्मयं चेति भेदात् द्विधा वभिक्तम्। वैदकिवाङ्मये चत्वारो वेदाः,उपवेदाः,षड्वेदाङ्गाणि,उपनिषदश्च वर्तन्ते। लौककिवाङ्मये पुराणानि, इतहिासाः, स्मृतयः, दर्शनानि च सन्ति। न केवलं एतदेव शास्त्राणि अपतिु व्याकरणशास्त्रं, काव्यशास्त्रं, गणतिशास्त्रं, ज्योतिषशास्त्रं, धर्मशास्त्रं, छन्दशास्त्रं, कोशग्रन्थाश्च संस्कृतवाङ्मयस्य गौरवमभिवर्धयति।

विशालेऽस्मिन् संस्कृतवाङ्मये अर्थात् वेदे, इतिहासे, पुराणे, काव्ये नाटके चेत्यादिषु गमनागमनस्य माध्यमरूपेण गजः, तुरगः, रथः, प्रवहणं, डयनं, शकटः, अनः, कम्बलिवाह्यकं, गन्त्री, दोला, प्रेङ्खा, द्वैपः, वैयाघ्रः, शिविका, याप्ययानं, पाण्डुकम्बली, काम्बलः, वास्त्रः इत्यादयः ये प्रसिद्धाः सन्ति तेषु **रथः** एकः सुप्रसिद्धमाध्यमोऽस्ति।

**Copyright: ©** the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

देवताः राजानश्च न केवलं गमनागमनार्थं युद्धार्थं च, अपितु क्रीडनार्थं, भ्रमणार्थं रमणार्थं च रथस्य प्रयोगं कृतवन्तः इति परिलक्ष्यते। अन्यत्र बहूत्रापि रथस्य प्रयोगः दृश्यते। अतः **"संस्कृतवाङ्मये रथविमर्शः"** इति शीर्षकम् आधारीकृत्य शोधपत्रमिदं मया लिखितम्।

रमते यस्मिन् येन वा स रथः। रमु क्रीडायाम् – इत्यत्र रथः शब्दः रम् धातुना क्यन् प्रत्ययेन निष्पन्नो भवति। यस्यार्थो भवति – यानं, शरीरं, पादो, वेतसो वा।

वेदेषु बहुषु सूक्तेषु रथस्य वर्णना परिदृश्यते। तद्यथा – उषस्सूक्तम्, सूर्यसूक्तम्, सवितृसूक्तम्, शिवसंकल्पसूक्तम्, रुद्रसूक्तम्, इन्द्रसूक्तम्, वरुणसूक्तम्, पर्जन्यसूक्तम् इत्यादयः। वैदिकदेवताः विविधप्रकारैः रथैः विचरन्ति स्म। यथा –

**उषो देव्यमर्त्या वि भाहि चन्द्ररथा सूनृता ईरयन्ती।**

**आ त्वा वहन्तु सुयमासो अश्वा हिरण्यवर्णां पृथुपाजसो ये॥**

(ऋग्वेदः – 3.61.2)

अर्थात् उषादेवी अरुणवर्णेन तथा हिरण्यवर्णेन अश्वेन सुवर्णरथे अर्थात् चन्द्ररथे आरुह्य सूर्यकिरणेन अतिशयशोभायमानां भूत्वा द्युलोके परिभ्रमति इत्यर्थः। अनेन ज्ञायते यत् उषादेव्या तदानीं गमनागमनमाध्यमरूपेण रथस्य प्रयोगोऽपि कृतः।

रथस्य नाभिना मनसिस्थितशब्दस्य उपमेयोपमानरूपेण वर्णयित्वा शिवसंकल्पसूक्ते उक्तं यत् –

**यस्मिन्नृचः साम यजूंषि यस्मिन् प्रतिष्ठिता रथनाभाविवाराः।**

**यस्मिंश्चित्तं सर्वमोतं प्रजानां तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु॥**

**सुषारथिरश्वानिव यन्मनुष्यान्नेनीयतेऽभीशुभिर्वाजिन इव।**

**हत्प्रतिष्ठं यदजिरं जविष्ठं तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु॥**

(यजुर्वेदः वाजसनेयसंहिता – 34.5,6)

रथस्य चक्रे यथा नाभिः तिष्ठति, तथैव सर्वेषां प्राणिनां इन्द्रियाणां च ज्ञानयुक्ते मनसि ऋक्–साम–यजु–अथर्ववेदानाञ्च मन्त्राणि वर्तन्ते। येन उत्तमदक्षः सारथिः अश्वान् अभीषुना स्वेच्छानुसारेण चारयति, तथैव मनः मनुष्यान् सुनियन्त्रयित्वा कर्मणि नियुक्तं करोति।

कालसूक्ते कालं अश्वरूपेण विश्वञ्च रथरूपेण वर्णितमस्ति। अर्थात् कालरूपः अश्वः विश्वरूपं रथं वहति –

**कालो अश्वो वहति सप्तरश्मिः सहस्राक्षो अजरो भूरिरेताः।**

**तमा रोहन्ति कवयो विपश्चितस्तस्य चक्रा भुवनानि विश्वा॥**

(अथर्ववेदः – 19.53.1)

दशमुख्योपनिषत्सु अन्यतमाऽस्ति कठोपनिषद्। उपनिषद्यस्मिन् नचिकेतां प्रति यमोपदेशस्य शरीररथरूपकनिरूपणेन एकोन्नतदार्शनिकचिन्तनस्य उपस्थापना वर्तते –

**आत्मानं रथिनं विद्धि, शरीरं रथमेव तु।**

**बुद्धिं तु सारथिं विद्धि मनः प्रग्रहमेव च॥**

**इन्द्रियाणि हयानाहुर्विषयांस्तेषु गोचरान्।**

**आत्मेन्द्रिय मनोयुक्तं भोक्तेत्याहुर्मनीषिणः॥**

(कठोपनिषद् – 1.3.3,4)

अर्थात् आत्मानं संसारिणं, रथस्वामिनं रथिनं जानीहि, शरीरं रथमेव तु, रथबद्धहयस्थानीयैः इन्द्रियैः आकृष्यमाणत्वात् शरीरस्य। अध्यवसायलक्षणां बुद्धिं तु सारथिं विद्धि, बुद्धिनेतृत्वप्रधानत्वात् शरीरस्य सारथिनेतृप्रधानः इव रथः। सर्वं हि देहगतं कार्यं बुद्धिकर्तव्यमेव प्रायेण। मनः संकल्पविकल्पादिलक्षणं रशनां विद्धि। मनसा हि प्रगृहीतानि श्रोत्रादीनि करणानि प्रवर्तन्ते रशनया इवाश्वाः। चक्षुरादीनि इद्रियाणि हयान् आहुः। तेष्वेव इन्द्रियेषु हयत्वेन परिकल्पितेषु गोचरान् मार्गान् रूपादीन् विषयान् विद्धि। आत्मेन्द्रियमनोयुक्तं शरीरेन्द्रियमनोभिः सहितं संयुक्तमात्मानं भोक्तेति।

यास्काचार्येणोक्तं यत् यतः राजा यज्ञसंयोगात् स्तुतिं लभते तस्मात् राजसंयोगात् युद्धोपकरणान्यपि स्तुतिभाञ्जि भवन्ति। युद्धोपकरणेषु रथ एव प्रथमागामी भवति अर्थात् युद्धोपकरणेषु रथ एव प्रधानः, मुख्योऽस्ति–

**"यज्ञसंयोगाद्राजा स्तुतिं लभेत। राजसंयोगाद् युद्धोपकरणानि। तेषां रथः प्रथमागामी भवति। रथो रंहतेर्गतिकर्मणः स्थिरतेर्वा स्याद्विपरीतस्य रममाणोऽस्मिंस्तिष्ठतीति वा। रपतेर्वा। तस्यैषा भवति।**

(निरुक्तम् – 9.11)

यास्काचार्यः रथशब्दस्य व्युत्पत्तिः तथा निगमः विविधप्रकारेण प्रस्तुतवान्। रथः कस्मात्? उच्यते गत्यर्थात् रंहतेः, अत्र रथः शब्दः 'रंह' धातुना क्थन् प्रत्ययेन निष्पन्नो भवति। अथवा विपरीतात् स्थिरतेः, अर्थात् स्थिरशब्दः विपरीतेन रथः शब्दः भवति। (स्थिर=थर=रथ) हस्ती-अपेक्षया अश्वापेक्षया वा रथे योद्धा स्थिरतया तिष्ठति। अथवा रथमाणः अस्मिन् तिष्ठति इति रथः, अर्थात् रथेऽस्मिन् मनुष्यः सुखेन उपविशति।

अमरकोशे रथशब्दस्य बहवः पर्यायवाचिशब्दाः सन्ति, ते यथा– शताङ्गः, स्यन्दनः, रथः, पुष्यरथः, कर्णीरथः प्रवहनम्, डयनं, अनः शकटः, गन्त्री, कम्बलिवाह्यकम्, शिविका, याप्ययानम्, दोला, प्रेङ्खा, द्वैवः, वैयाघ्रः, पाण्डुकम्बली, काम्बलः, बास्त्रः इत्यादयः।

**"याने चक्रिणि युद्धार्थे शताङ्गः स्यन्दनो रथः।**
**असौ पुष्यरथश्चक्रयानं न समराय यत्।।**
**कर्णीरथः प्रवहणं डयनञ्च च समं त्रयम्।**
**क्लीवेऽनः शकटोऽस्त्री स्यात्, गन्त्री कम्बलिवाह्यकम्।।**
**शिविका याप्ययानं स्यात्, दोला प्रेङ्खादिकाः स्त्रियाम्।**
**उभौ तु द्वैपवैयाघ्रौ द्वीपिचर्म्मावृते रथे।।**
**पाण्डुकम्बलसंवीतः स्यन्दनः पाण्डुकम्बली।**
**रथे काम्बलवाश्त्राद्याः कम्बलादिभिरावृते।।"**

(अमरकोशः 2.8. 51-54)

रामायणमेकं सुप्रसिद्धं महाकाव्यमस्ति। अत्र महारथस्य वर्णना प्राप्यते। रामायणे एकः प्रमुखः चरित्रोऽस्ति दशरथः, दशेषु दिक्षु गतिः इति दशरथः। तस्य रथस्य चत्वारः अथवा पञ्चाश्वाः सर्वेषु दिक्षु भ्रामयन्ति। रावणस्य पुत्रः अक्सकुमारस्य रथः अष्टाश्वाभिः वाह्यते। अन्यमेकं सुप्रसिद्धं महाकाव्यमस्ति महाभारतम्। कुरुक्षेत्रयुद्धे अर्जुनः, युधिष्ठिरः, भीष्मः, द्रोणाचार्यः, कर्णः एते सर्वे रथस्योपरि आरुह्य एव युद्धं कृतवन्तः। एतेषां रथानां भिन्न भिन्न नाम तथा युद्धे तेषां योगदानमपि भिन्नभिन्नमासीत्।

महाभारते कुरूक्षेत्रयुद्धे रथः युद्धार्थे प्रयुज्यते। भारतीयदर्शने रथः साक्षीरूपेण प्रतिभाति। यथा श्रीमद्भगवद्गीतायां अर्जुनः श्रीकृष्णं प्रति वाक्यमिदमाह –

**"सेनयोरुभयोर्मध्ये रथं स्थापय मेऽच्युत।।"**

(गीता – 1.21)

लौकिकसंस्कृतसाहित्ये विविधप्रसङ्गे बहुषु स्थलेषु रथस्य चर्चा परिदृश्यते। प्राक् कालिदाससमये नाट्यकारः भासः भ्रमणरतभरतस्य रथस्य गतेः वर्णनां कृतवान् –

भरतः – (रथवेगं निरुप्य) अहो तु खलु रथवेगः। एते ते –

**द्रुमा धावन्तीव द्रुतरथगतिक्षीणविषया**

**नदीवोद्वृत्ताम्बुर्निपतति मही नेमिविवरे।**

**अरव्यक्तिर्नष्टा स्थितमिव जवाच्चक्रवलयं**

**रजश्चाश्वोद्भूतं पतति पुरतो नानुपतति।।**

(प्रतिमा – 3.2)

प्रतिमानाटके कविः भासः भिन्नप्रसङ्गेषु रथस्य प्रयोगं कृतवान् –

**शून्यः प्राप्तो यदि रथो भग्नो मम मनोरथः।**

**नूनं दशरथं नेतुं कालेन प्रेषितो रथः।।**

(प्रतिमा – 2.11)

अर्थात् रामचन्द्रस्य वनवासं गमनपश्चात् राजा दशरथः तस्य मन्त्रिसुमन्त्रद्वारा प्रेषिते एकस्मिन् रथे रामस्य आगमनस्य आशा कृतवान्। परन्तु यदि रथे रामः न स्यात् तर्हि तस्य मनोरथः भग्नः जायते। एवं भवति चेत् अयं रथः दशरथं नेतुं यमराजेन प्रेषित इति मन्तव्यम्।

महाकविः कालिदासोऽपि 'रघुवंशम्' इति महाकाव्ये राज्ञः दिलीपस्य रथस्य एवञ्च 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' इति नाटके राज्ञः दुष्यन्तस्य रथस्य गतिविधिं वर्णितवान् –

**यदालोके सूक्ष्मं व्रजति सहसा तद्विपुलतां**

**यदन्तर्विच्छिन्नं भवति कृतसन्धानमिव तत्।**

**प्रकृत्या यद्वक्रं तदपि समरेखं नयनयो-**

**र्न मे दूरे किञ्चित्क्षणमपि न पार्श्वे रथजवात्।।**

(अभिज्ञानशाकुन्तलम् –1.9)

अर्थात् रथवेगातिशयवशात् यद्वस्तुः दूरतः सूक्ष्मं दृष्टं तदेव समीपमागते स्थूलं दृश्यते। यत्र मध्ये व्यवहितं तदेव कृतसन्धानं दृश्यते। एवं स्वभावतो वक्रं तदपि दूरतः समरेखं दृश्यते। तस्मात् किमपि न मम दूरे, नापि समीपे क्षणमप्यवतिष्टते, यदिदानीं दूरे तदेव क्षणन्तरेण समीपे, यच्चेदानीं समीपे तदेव निमेषमात्रेण दूरे भवतीत्यर्थः।

भासकालिदासयोः परवर्तिसमये प्रायः सर्वे संस्कृतनाट्यकाराः तेषां नाटकेषु प्रथारूपेण एव रथस्य वर्णनां कृतवन्तः। अष्टादशशतके केरलप्रदेशस्य एकः राजा तथा कविः आश्विना रामाभार्यां श्रीकृष्णस्य रथस्य गतविर्णनां कृत्वा उक्तवान् यत् –

दारूकः – (रथवेगं रूपयित्वा) आयुष्मान् पश्य पश्य –

**पादस्पर्शं जुगुप्सयेव सहसा गामुत्सृजन्तः खुरैः**

**जेतुं पत्ररथेशमारुतमनोवेगान्प्रवृत्ता इव।**

**मुक्तालीनखलीनकान्तिपटलैः ट्टहासा इव**

**प्रेङ्खत्किङ्किणिका वहन्ति हि नभोवीथ्येव रथ्या रथम्।।**

(रुक्मिनीपरिणयम् - 1.11)

संस्कृतशतककाव्येषु अन्यतममस्ति सूर्यशतकम्। ग्रन्थेऽस्मिन् कविः मयूरभट्टः सूर्यदेवस्य स्तुतिमूलकानि शतश्लोकानि लिखितवन्तः। तेषु द्विषष्टिश्लोकतः द्विसप्ततिश्लोकपर्यन्तम् (62-72) एतेषु एकादशश्लोकेषु सूर्यदेवस्य रथविषये मनोरमवर्णना अस्ति। यथा -

**पीनोरः प्रेरिताभ्रैश्चरमखुरपुटाग्रस्थितैः प्रातरद्रा**

**वादीर्घाङ्गैरुदस्तो हरिभिरपगतासङ्गनिः शब्दचक्रः।**

**उत्तानानूरुमूर्धावनतिहठभवद्विप्रतिपप्रणामः**

**प्राह्णे श्रेयो विधत्तां सवितुरवतरन् व्योमवीथीं रथो वः।।**

(सूर्यशतकम् - 62)

शिल्पशास्त्रेऽपि सौन्दर्यविधाने रथस्य वर्णना दरीदृश्यते। यथा ओडिशायां भुवनेश्वरनगरस्य प्रान्ते सूर्यदेवस्य "कोनार्क" इति मन्दिरम्।

छन्दशास्त्रेऽपि 'रथोद्धता' इति नाम्ना सुप्रसिद्धः एकः छन्दोऽस्ति। तस्य छन्दसः लक्षणं यथा - **"रात् परैर्नरलगै रथोद्धता" (छन्दोमञ्जरी - पृ. 67)** इति।

उत्सवादिष्वपि रथस्य योगदानं परिदृश्यते। यथा - रथसप्तमी, रथयात्रा इत्यादयः। 'रथसप्तमी' इति सूर्यदेवसम्बन्धितः उत्सवः माघमासस्य सप्तमदिनाङ्के पूर्णिमातिथौ पालितो भवति। ओडिशाप्रदेशस्य पूरीनगरस्य जगन्नाथमन्दिरे भगवतः जगन्नाथस्य, वलरामस्य, सुभद्रायाश्च रथयात्रोत्सवः सुप्रचलितः सुप्रसिद्धश्चास्ति इति।

रथस्य व्यवहारः न केवलं वैदिकसाहित्ये, लौकिकसाहित्ये अपि बहुषु स्थलेषु परिलक्षते। केवलं यानरूपेण न उपमारूपेणापि कुत्रचित् शरीररूपेण क्वचिच्च जगद्रूपेण रथस्य व्यवहारः दृश्यते, इतोऽपि बहुत्र भिन्नभिन्नप्रसङ्गेषु रथशब्दस्य प्रयोगः परिदृश्यते। इत्थं ज्ञायते यत् संस्कृतसाहित्ये रथशब्दस्य महत्त्वपूर्णस्थानमासीत्।

**सन्दर्भग्रन्थसूची –**


1. ऋग्वेद - डा. गङ्गा सहाय शर्मा - संस्कृत साहित्य प्रकाशन, नई दिल्ली - 110001.
2. यजुर्वेद (सम्पूर्ण हिन्दी भाष्य, शब्दार्थ सहित) - स्वामी श्रीमद्दयानन्द सरस्वती, प्रकाशक -
1. संस्कार प्रकासन, 4408, नई सडक, दिल्ली-111006
2. अथर्ववेद - डा. गङ्गा सहाय शर्मा - संस्कृत साहित्य प्रकाशन, नई दिल्ली - 110001.
3. उपनिषद् (ईशादि नौ उपनिशद्) - गीताप्रेस, गोरक्षपुर - 273005 (INDIA).
4. निरुक्तम् (आचार्य दुर्गकृत ऋज्वर्थाख्यावृत्तिसमेतम्) - प्रो. ज्ञानप्रकाश शास्त्री, परिमल
5. पब्लिकेशन्स, दिल्ली-2004.

6. अमरकोष वा अमरार्थ चन्द्रिका – श्रीमद्गुरुनाथ विद्यानिधि–भट्टाचार्य, प्रकाशक –

7. श्री देवाशिस भट्टाचार्य्य, संस्कृत पुस्तक भाण्डार, 38 विधान सरणी, कोलकाता – 700006.

8. श्रीमद्भगवद्गीता – गीताप्रेस, गोरक्षपुर – 273005 (INDIA).

9. प्रतिमानाटकम् – SHIVAJAM MAHADEO PARANJAPE, Oriental Book

10. Agency,15,Sukrawar Peth, Poona city.

11. अभिज्ञानशकुन्तलम्, सम्पादक – श्री सत्यनारायण चक्रवर्ती, प्रकाशक – संस्कृत पुस्तक

12. भाण्डार, 38 विधान सरणी,कोलकाता – 700006.

13. सूर्यशतकम् – पण्डित श्रीमहेश्वर आचार्य शर्मा, चौखम्बा संस्कृत सीरीज ऑफिस, वाराणसी– 221001.

14. छन्दोमञ्जरी – डा. अनिल चन्द्र वसु, संस्कृत बुक डिपो, 28/1 विधान सरणी, कोलकाता – 700006.

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 GISRRJ | Volume 4 | Issue 6 | ISSN : 2582-0095

# भारत में जेल प्रशासन एवं जेल सुधार : एक विधिक अवलोकन

**सुनील कुमार मिश्रा**

**शोध छात्र (विधि विभाग) नेहरू ग्राम भारती (मानित विश्वविद्यालय) प्रयागराज उ०प्र०।**

**डॉ राजीव नयन सिंह,**

**सहायक आर्चाय (विधि विभाग) नेहरू ग्राम भारती (मानित विश्वविद्यालय) प्रयागराज उ०प्र०।**

**Article Info**
Volume 4 Issue 6
Page Number: 69-81

**Publication Issue :**
November-December-2021

**Article History**
Accepted : 01 Dec 2021
Published : 25 Dec 2021

**संक्षेप –** आज जिस रूप में जेल व्यवस्था चल रही है, वह हमारे देश में ब्रिटिश शासन की विरासत है। यह हमारी दंड व्यवस्था पर औपनिवेशिक शासकों की रचना थी, जिसका मकसद कारावास को गलत काम करने वालों के लिए एक आतंक बनाना था। भारतीय आपराधिक प्रशासन में जेल प्रशासन भी शामिल है। यह बात सत्य है कि मनुष्य जन्म से अपराधी नहीं होता परन्तु सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियाँ उसे अपराधी बनाती हैं। जेल प्राधिकरण द्वारा कैदियों को उचित भोजन, आश्रय और स्वास्थ्य देखभाल उपचार दिया जाना चाहिए। कैदियों के साथ अमानवीय व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि कारावास का मुख्य उद्देश्य सजा देना नहीं बल्कि अपराधी को सुधारना है जिससे वह अपनी सजा पूरी होने के बाद सामान्य रूप से समाज में रह सकेगा। भारतीय दंड व्यवस्था भी सुधारवादी सिद्धांत पर आधारित है। भारत में जेल व्यवस्था में कई सुधार हुए लेकिन अभी भी कुछ अन्य सुधारों की आवश्यकता है क्योंकि जेल में बंदियों की स्थिति खराब है।

**संकेत शब्द–** जेल, जेल प्रशासन, कैदियों की स्थिति में सुधार, विधिक प्रावधान, न्यायिक विनिश्चय।

---

**1. प्रस्तावना–** जेल शब्द लैटिन शब्द से लिया गया है जिसका अर्थ है जब्त करना। ऑक्सफोर्ड इंग्लिश डिक्शनरी के अनुसार जेल का अर्थ उन व्यक्तियों के स्वागत के लिए उचित रूप से कुशल और सुसज्जित स्थान है, जो कानूनी प्रक्रिया द्वारा सुरक्षित हिरासत के लिए प्रतिबद्ध हैं, जबकि मुकदमे और सजा लंबित हैं।[i]

**Copyright: ©** the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

भारत सरकार कारागार अधिनियम, 1894 के तहत जेल का अर्थ किसी भी लक्ष्य या प्रायश्चित्त से है जिसमें जेल के उपयोग के लिए लगे एयरिंग ग्राउंड और अन्य मैदान या भवन शामिल हैं। कारागार का अर्थ है जेल या ऐसा कोई स्थान जो किसी स्थानीय सरकार के सामान्य और विशेष आदेशों के तहत स्थायी रूप से या अस्थायी रूप से बंदियों को बंदी बनाने के लिए उपयोग किया जाता है।[ii]

एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटानिका[iii] के अनुसार जेल का अर्थ उन व्यक्तियों की कैद के लिए इस्तेमाल की जाने वाली संस्था से है, जो बड़े अपराधों या गुंडागर्दी के लिए दोषी हैं। परंपरागत रूप से, कारागार का अर्थ वह स्थान होता है जिसमें व्यक्तियों को उस समय हिरासत में रखा जाता है जब मुकदमा चल रहा हो या जिसमें उन्हें सजा के बाद सजा के रूप में कैद किया जाता है। अलग–अलग लोगों के लिए जेल का अर्थ अलग–अलग होता है जैसे कानून का पालन करने वाले व्यक्ति के लिए यह एक ऐसा स्थान है जहां अपराधी समाप्त होते हैं और अपराधियों के लिए यह एक अस्पष्ट जोखिम या अपरिहार्य अपमान हो सकता है और सामाजिक अपर्याप्तता के लिए यह एक आश्रय हो सकता है और कुछ अलग व्यक्तियों के लिए जेल हो सकता है और जेल अधिकारी के लिए जेल काम की जगह है और मनोवैज्ञानिक के लिए यह व्यवहार का अध्ययन करने में एक करियर है और अन्य व्यक्तियों के लिए यह एक ऐसा अनुभव है जो समय को धीमा कर देता है, जो उन्हें एक साथ जोड़ता है , उन्हें अलग करता है और उनके जीवन के पाठ्यक्रम को बदल देता है।

**1.1. भारत में जेल प्रणाली का इतिहास–** वैदिक काल के दौरान न्याय का प्रशासन राज्य के कर्तव्यों का हिस्सा नहीं था। इस अवधि में चोरी, हत्या और व्यभिचार जैसे अपराधों का उल्लेख किया गया है, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है जो यह दर्शाता हो कि राजा या न्यायाधीश के रूप में अधिकृत व्यक्ति को आपराधिक या दीवानी मामलों में कोई भी न्यायिक निर्णय पारित करने की शक्ति है। यहां तक कि सूत्रों और शास्त्रों में भी हमें जेल या जेल शब्द बहुत कम मिलता है। सामान्य तौर पर कारागार व्यवस्था के इतिहास को तीन चरणों में बांटा गया है।

**1.1.1. प्राचीन भारत–** प्राचीन समय में, भारत में जेल केवल नजरबंदी का स्थान था जहां एक अपराधी को उसके मुकदमे और फैसले के निष्पादन तक हिरासत में रखा जाता था। प्राचीन समय में, समाज की संरचना मनु द्वारा उच्चारित और याज्ञवल्क्य, कौटिल्य और अन्य लोगों द्वारा बताए गए सिद्धांतों पर आधारित थी। विभिन्न प्रकार के शारीरिक दंडों जैसे ब्रांडिंग, फांसी, अंग–भंग और मृत्यु के बीच प्राचीन भारतीय दंडशास्त्र में महत्वपूर्ण रूप से ज्ञात सबसे आसान प्रकार का दंड कारावास था।

प्राचीन काल में जुर्माना, कारावास, निर्वासन, अंग–भंग और मृत्युदंड सजा के तरीके थे। जुर्माना सबसे आम सजा थी और जब एक व्यक्ति जो बिल का भुगतान करने में सक्षम नहीं था, उसे तब तक बंधुआ बनाया जाता था जब तक कि उसके श्रम द्वारा भुगतान नहीं किया जाता था। एक ब्राह्मण की हत्या के लिए 1000 गायों की, क्षत्रिय की हत्या के लिए 500 गायों की, वैश्य की हत्या के लिए 100 गायों की और शूद्र या किसी भी जाति की महिलाओं की हत्या के लिए 10 गायों का जुर्माना।

भारतीय कानून ने जेल जीवन का कुछ विवरण भी दिया। कुछ स्मृति लेखकों ने जेल से जुड़ी कुछ जानकारियां भी दीं। याज्ञवल्क्य[iv] ने कहा कि एक व्यक्ति जो कैदी को जेल से भागने में सहायता करता है, वह मृत्युदंड के लिए उत्तरदायी है। विष्णु ने उस व्यक्ति के लिए कारावास की सजा का सुझाव दिया जिसने किसी व्यक्ति की आंख को चोट पहुंचाई। कौटिल्य[v] ने कारागार के स्थान और उन अवसरों का भी वर्णन किया है जिन पर कैदी को रिहा किया गया था।

जेल के अधिकारी को भंडानगराध्यक्ष के रूप में जाना जाता था जो जेल का अधीक्षक था और कारक जो वह अधीक्षक का सहायक था। जेल विभाग सन्निधाता के अधीन कार्य करता था। कौटिल्य ने जेलर के कर्तव्यों का भी वर्णन किया जो हमेशा कैदियों की आवाजाही और जेल के उचित कामकाज पर नजर रखता है।

अशोक[अप] के बाद के युग में जातकों ने कहा कि युद्ध के समय कैदी को रिहा कर दिया जाना चाहिए। हर्षचरित[अपप] से ऐसा प्रतीत होता है कि बंदियों की स्थिति संतोषजनक नहीं थी। शाही राज्याभिषेक के समय कैदियों को जेल से रिहा कर दिया गया था। ह्वेनसांग[viii] के अनुसार कैदियों के साथ व्यवहार आमतौर पर कठोर था। प्राचीन काल में इस प्रकार की नियमित जेल व्यवस्था अस्तित्व में नहीं थी। भारत में आधुनिक व्यवस्था की तुलना में सजा के एक तरीके के रूप में कारावास नियमित नहीं था।

**1.1.2. मध्यकालीन भारत–** मध्यकालीन भारत में कानूनी व्यवस्था प्राचीन भारत और मौजूदा मुस्लिम शासकों के समान ही है। मुगल काल के दौरान कानून का स्रोत कुरान है। अपराधों को तीन समूहों में विभाजित किया गया है जो भगवान के खिलाफ अपराध, राज्य के खिलाफ अपराध, निजी व्यक्ति के खिलाफ अपराध है। इन अपराधों के लिए दंड को चार श्रेणियों में विभाजित किया गया है, हैड, तजीर, किसस और तसीर। साधारण अपराधियों के मामले में कारावास को सजा के रूप में नहीं माना जाता था।

इसका इस्तेमाल ज्यादातर नजरबंदी के साधन के रूप में ही किया जाता था। ऐसे किले थे जो देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित थे, जिनमें अपराधियों का मुकदमा और निर्णय लंबित था, उन्हें हिरासत में लिया गया था। मुगल भारत में तीन महान जेल या महल थे। एक ग्वालियर में था, दूसरा रणथंभौर में और तीसरा रोहतास में था।

कैदियों की एकमात्र राहत यह थी कि उनकी रिहाई का आदेश विशेष अवसरों पर जारी किया जाता था। 1638 ई. में सहजन ने प्रिय राजकुमारी बेगम साहब की बीमारी से मुक्ति के उत्सव के अवसर पर कैदियों की रिहाई का आदेश जारी किया। कुछ कमरे ऐसे थे जो गंभीर अपराध करने वाले कैदियों और अपराधियों के लिए आरक्षित थे। इन कमरों को बंदीखाना या अदब खान के नाम से जाना जाता था।

मराठा काल के दौरान भी कारावास सजा का एक सामान्य रूप नहीं था। उस समय मौत, अंग–भंग का जुर्माना सजा के सामान्य रूप थे। मराठा काल में दंड का रूप भी प्राचीन और मुगल काल जैसा ही था।

ब्रिटिश–पूर्व काल में प्रचलित कारागार व्यवस्था की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैंः

- आधुनिक अर्थों में कोई कारागार नहीं थे।
- कारागारों के आंतरिक प्रशासन का कोई विवरण नहीं था।
- कारागारों के रख–रखाव और कामकाज के लिए कोई नियम नहीं थे।
- अलग कारागार सेवा का कोई अस्तित्व नहीं था।

**1.1.3. आधुनिक भारत–** हमारे देश की वर्तमान जेल व्यवस्था ब्रिटिश शासन की देन है। यह हमारी स्थानीय दंड व्यवस्था के औपनिवेशिक शासकों की एक रचनात्मक रचना थी, जिसका मकसद कारावास को गलत काम करने वालों के लिए एक आतंक बनाना था। इतिहास में हमारे दंड सुधारों में एक बड़ी छलांग थी क्योंकि यह हमारी पुरानी प्रणाली के बर्बर दंड को समाप्त करने और अपराधों के लिए सजा के मुख्य रूप के रूप में कारावास के प्रतिस्थापन को संभव बनाता है।

1784 में ब्रिटिश संसद ने ईस्ट इंडिया कंपनी को भारत पर शासन करने की शक्ति दी। कानून और न्याय के प्रशासन में सुधार लाने के कुछ प्रयास भी किए गए। उस समय 143 सिविल जेल, 75 आपराधिक जेल और 68 मिश्रित जेल पेश किए गए थे। ये जेलें मुगल शासन का विस्तार थीं जिनका प्रबंधन ईस्ट इंडिया कंपनी के सदस्यों द्वारा किया जाता था।

ईस्ट इंडिया कंपनी ने शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अपने प्रयास किए और अपना व्यापार स्थापित करना चाहती थी। अंग्रेजों का मानना था कि कैदियों को यथासंभव आर्थिक रूप से और सरकार को अधिक से अधिक लाभ कमाने के इरादे से हिरासत में रखना चाहिए। प्रारंभिक ब्रिटिश प्रशासन ने केवल औपनिवेशिक हितों की पूर्ति के उद्देश्य से अपनी जेल नीति आसानी से तैयार की।

1835 में लॉर्ड मैकाले ने भारतीय जेलों की अस्वीकार्य परिस्थितियों की ओर भारत की विधान परिषदों का ध्यान आकर्षित किया और भारतीय जेलों की स्थिति से संबंधित जानकारी एकत्र करने और जेल अनुशासन की बेहतर योजना तैयार करने के उद्देश्य से एक समिति नियुक्त करने का प्रस्ताव रखा। साथ ही कारागार में सुधार संबंधी सुझावों के लिए भी इससे जेल अन्य जेलों के लिए आदर्श बनेगी।

भारत की विधान परिषदों ने लॉर्ड मैकाले के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया और 'जेल अनुशासन समिति' नियुक्त की।[ix]

माननीय एच शेक्सपियर समिति के अध्यक्ष थे और लॉर्ड मैकाले समिति के सदस्यों में से एक थे। इस समिति ने 1838 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। जांच समिति भारत में दंड प्रशासन के इतिहास में मील का पत्थर थी।

इसके बाद कारागार संस्था के अर्थ, स्वरूप और चरित्र को बदल दिया गया और अलग–अलग व्यवहार भी किया गया लेकिन यह परिवर्तन मूल रूप से दंडात्मक प्रकृति का था।[x]

इस समिति ने पहली बार भारत के अंग्रेजी शासकों का ध्यान भारतीय जेलों के प्रशासन के विभिन्न दोषों की ओर आकर्षित किया। इस रिपोर्ट में अधीनस्थ स्थापनाओं के भ्रष्टाचार, अनुशासन की लापरवाही और अतिरिक्त भित्ति श्रम या सार्वजनिक सड़कों पर कैदियों को नियोजित करने की व्यवस्था की आलोचना की गई। इस समिति ने नैतिक और धार्मिक शिक्षा, शिक्षा या अच्छे आचरण के लिए इनाम देने की प्रणाली को प्रभावित करने वाले सभी प्रकार के सुधारों को जानबूझकर खारिज कर दिया।

समिति के अधिकार का ध्यान उपचार की बढ़ती कठोरता के पक्ष में है और सभी कैदियों को कुछ और दिलचस्प कार्य में लगाने का भी प्रस्ताव है जिसमें कुछ समय के लिए कड़ी मेहनत करके त्वरित राहत प्राप्त की गई थी। इस समिति के अनुसार कारागार का उद्देश्य कठोर निजीकरण, सचमुच कड़ी मेहनत, एकांत, मौन और अलगाव की क्रूर प्रक्रिया के माध्यम से जेल को भय का स्थान बनाना था।

रिपोर्ट, सुझाव और सलाह पर और समिति की सिफारिशों के अनुसरण में 1846 में आगरा में एक केंद्रीय कारागार की स्थापना की गई थी। यह भारत का पहला केंद्रीय कारागार था जिसके बाद 1848 में बरेली और इलाहाबाद में एक केंद्रीय जेल की स्थापना की गई थी। 1852 में लाहौर में, 1857 में मद्रास में, 1864 में बॉम्बे में, 1864 में अलीपुर में, 1864 में बनारस और फतेहगढ़ में और 1867 में लखनऊ में।[गप] जेल प्रशासन में प्रतिशोध के सिद्धांत की वकालत के साथ–साथ यह हमारे देश में जेल सुधारों के इतिहास में एक सकारात्मक योगदान था।

1884 में उत्तर पश्चिमी प्रांत में दो साल के लिए प्रायोगिक आधार पर जेल के पहले महानिरीक्षक को नियुक्त किया गया और कार्यकाल को और बढ़ा दिया गया। 1850 में भारत सरकार ने इस पद को एक स्थायी पद के रूप में बनाया और यह भी सिफारिश की कि प्रत्येक प्रांत को जेलों का एक महानिरीक्षक नियुक्त करना चाहिए। 1862 में उत्तर पश्चिमी प्रांत ने जिला जेलों के अधीक्षक के रूप में सिविल सर्जन को नियुक्त किया।

1870 में भारत सरकार द्वारा जेल अधिनियम पारित किया गया था। इस अधिनियम ने निर्धारित किया कि एक अधीक्षक, एक चिकित्सा अधिकारी, एक जेलर और कुछ अन्य अधीनस्थ अधिकारी होने चाहिए जैसा कि स्थानीय सरकार आवश्यक समझती है।

इस अधिनियम ने जेल अधिकारियों के कर्तव्यों को भी निर्दिष्ट और वर्गीकृत किया। यह अधिनियम पुरुष कैदियों को महिला से अलग करने, बाल अपराधियों को वयस्क से अलग करने और अपराधी को नागरिक अपराधियों से अलग करने से संबंधित प्रावधान भी प्रदान करता है। 1877 और 1889 में तीसरी और चौथी जांच समिति का गठन किया गया। समितियों की सिफारिशों पर **कारागार अधिनियम, 1894** पारित किया गया। इस अधिनियम के प्रभाव के कारण इस अवधि के दौरान जेलों की अवधारणा में काफी भौतिक प्रगति हुई।

1919 में ब्रिटिश सरकार ने अधिकारियों का एक संयुक्त आयोग नियुक्त किया जो जेलों के प्रबंधन के बारे में जाँच करता है और जेलों के रखरखाव में सुधार का सुझाव देता है। इस आयोग ने किशोर प्रसव के लिए बोरस्टल स्कूल जैसी अलग संस्था से संबंधित सिफारिशें दीं। जिन अपराधियों का मुकदमा लंबित है उन्हें दोषी अपराधी से अलग रखा जाना चाहिए, वयस्कों के बीच आदतन और आकस्मिक अपराधियों का वर्गीकरण होना चाहिए।

अपराधियों के अंडमान द्वीप पर परिवहन के दृष्टिकोण पर भी समिति की रिपोर्ट में कुछ प्रकाश डाला गया और इस प्रथा को रोकने की सिफारिश की गई। इस रिपोर्ट के बाद एकान्त कारावास को भी समाप्त कर दिया गया। 29 वर्ष से कम आयु के सभी दोषियों की वयस्क शिक्षा कार्यक्रमों के तहत देखभाल की जानी थी और जेलों में पुस्तकालय भी स्थापित किए गए थे। भोजन की गुणवत्ता में भी सुधार किया गया और बंदियों को दो जोड़ी कपड़े उपलब्ध कराए गए।

समिति का मुख्य विचार या उद्देश्य कैदियों का सुधार था जो कि कारावास और सामाजिक आवश्यकता के रूप में कैदियों के पुनर्वास का अंतिम उद्देश्य था।

भारत सरकार अधिनियम, 1919 द्वारा लाए गए संवैधानिक परिवर्तनों के कारण इस जेल सुधार प्रणाली को अचानक रुकावट मिली। इस अधिनियम ने जेल विभाग का नियंत्रण भारत सरकार से प्रांतीय सरकार को स्थानांतरित कर दिया। भारत की स्वतंत्रता के बाद जेल के सुधारों में वृद्धि हुई। भारतीय नेता देश के औद्योगिक विकास के लिए ब्लू प्रिंट के साथ तैयार थे, लेकिन जेल सुधार उनकी नजरों से बच नहीं सके क्योंकि उन सभी ने जेल में अपना जीवन व्यतीत किया।[xii]

भारतीय संविधान के तहत जेल प्रशासन राज्य का विषय था। इस संगठन का नेतृत्व कारागार महानिरीक्षक ने किया था। इस संगठन में कई केंद्रीय जेल, उप जेल, जिला जेल शामिल हैं। सभी राज्य जेल प्रशासन के अलग–अलग पैटर्न अपनाते हैं। केंद्रीय जेल लंबी अवधि के कैदियों के लिए अभिप्रेत हैं जिन्हें अदालत में दोषी ठहराया गया था।

**1.2. भारत में जेल की व्यवस्था–** एक जेल एक ऐसी संस्था है जिसे आवास की जगह के रूप में परिभाषित किया जाता है जिसका उपयोग उन व्यक्तियों के लिए किया जाता था जिन्होंने अपराध किया है और जिसका मुकदमा उस अपराध को करने के लिए लंबित है। भारत में जेल और कैदी कानून उन कानूनों में से एक है जिन पर किसी का ध्यान नहीं गया और उन्हें भुला दिया गया और आज के परिदृश्य में सुधारों के लिए इसे पर्याप्त महत्व नहीं मिल सकता है।

जेलों में बंद उन लोगों के लिए मजबूत कानूनों का अभाव है, जिन्हें भी सम्मान के साथ जीने का अधिकार है और देश के अन्य सभी नागरिकों की तरह बुनियादी सम्मान का भी अधिकार है। ऐसे कई उदाहरण हैं जिनमें कैदियों को अमानवीय परिस्थितियों या उपचार के अधीन किया गया है और बुनियादी जरूरतों जैसे कि उचित

भोजन और उचित स्वच्छता की स्थिति से वंचित किया गया है। जेल को सिर्फ सजा देने के बजाय इंसानों को सुधारने में मदद करनी चाहिए। समाज में सुधार तभी लाया जा सकता है जब अपराधियों को सुधार का सही मौका मिले। यदि कोई व्यक्ति अपराध करता है जिसका अर्थ यह नहीं है कि वह व्यक्ति मनुष्य होने से रुक जाता है या गैर–मानव बन जाता है तो वह व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित नहीं हो सकता।

कारागार और उनका प्रशासन भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची की राज्य सूची के तहत मद संख्या 4 में शामिल राज्य का विषय है। राज्य सरकार के पास विशेष रूप से जेल के प्रबंधन और प्रशासन से संबंधित शक्तियाँ हैं। यह जेल अधिनियम 1894 और संबंधित राज्य सरकारों के जेल नियमावली द्वारा शासित है। वर्तमान जेल कानूनों, नियमों और विनियमों को बदलने के लिए राज्य की प्राथमिक भूमिका और जिम्मेदारी और अधिकार है। केंद्र सरकार के पास केवल राज्यों को जेलों में सुरक्षा में सुधार, चिकित्सा सुविधाओं, पुरानी जेलों की मरम्मत और नवीनीकरण, बोर्स्टल स्कूलों के विकास, महिला अपराधियों को सुविधाएं, व्यावसायिक प्रशिक्षण, जेल उद्योगों के आधुनिकीकरण, प्रशिक्षण के लिए सहायता देने की शक्ति है।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने विभिन्न निर्णयों के माध्यम से जेल प्रशासन से संबंधित कई नियमों की गणना की।

कुछ नियम इस प्रकार हैं–

- प्रत्येक व्यक्ति अपनी व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हकदार है। यदि कोई व्यक्ति कारागार में रहता है तो इसका मतलब यह नहीं है कि वह व्यक्ति गैर–व्यक्ति बन जाता है।
- एक व्यक्ति जो अपराध करता है वह भी सभी प्रकार के मानवाधिकारों का हकदार है लेकिन कारावास और कारावास की सीमाओं के भीतर।
- एक व्यक्ति पहले से ही सजा के द्वारा अपराध के लिए पीड़ित है तो उसे कोई अन्य पीड़ा नहीं दी जाती है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने जेल के विभिन्न मुद्दों से संबंधित अधिक महत्व दिया जैसे कि उचित स्वास्थ्य देखभाल और चिकित्सा सुविधाओं की कमी, भीड़भाड़, कैदियों के लिए उचित सुविधाओं के प्रावधान के साथ–साथ मुफ्त कानूनी सहायता जो भारत के संविधान में स्पष्ट रूप से प्रदान की जाती है।

**1.2.1. भारत में जेल के प्रकार–** भारत में जेल के तीन स्तर हैं जैसे तालुका स्तर, जिला स्तर और केंद्रीय स्तर है। इन स्तरों की जेलों को क्रमशः उप जेल, जिला जेल और केंद्रीय जेल के रूप में जाना जाता है। सामान्य तौर पर उप जेल से केंद्रीय जेल तक बुनियादी ढांचा, सुरक्षा, चिकित्सा सुविधाएं, शैक्षिक और पुनर्वास सुविधाएं बेहतर हैं। कुछ अन्य प्रकार की जेल भी हैं जैसे महिला जेल, बोरस्टल स्कूल, खुली जेल और विशेष जेल।

**भारत में जेल के प्रकार**

| प्रकार | संख्या | उपलब्ध क्षमता | कैदियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| सेण्ट्रल जेल | 144 | 177618 | 220021 |
| जिला जेल | 410 | 158986 | 206217 |
| उप जेल | 617 | 45071 | 38030 |
| महिला जेल | 31 | 6511 | 5612 |
| स्पेशल जेल | 41 | 7262 | 4320 |
| ओपेन जेल | 86 | 6113 | 3652 |
| बोरस्टल स्कूल | 19 | 1615 | 597 |
| अन्य जेल | 2 | 563 | 151 |
| **कुल** | 1350 | 403739 | 478600 |

स्रोत– Prison Statistics India- 2019(NCRB)

**1.2.1.1. सेंट्रल जेल–** एक जेल को केंद्रीय जेल के रूप में विभाजित करने के मानदंड अलग–अलग राज्यों में अलग–अलग हैं। सभी राज्यों की केंद्रीय जेल की सामान्य विशेषता यह है कि वे कैदी केंद्रीय जेलों में बंद हैं जिन्हें लंबी अवधि के कारावास की सजा दी जाती है जो कि दो साल से अधिक है। ये जेल उम्रकैदों और जघन्य अपराध करने वालों के लिए बनी हैं। इस प्रकार के कारागार में बंदियों की नैतिकता और सत्यनिष्ठा को फिर से स्थापित करने का प्रयास किया जाता है। इन जेलों में बंद अपराधी कड़ी मेहनत करके अपनी मजदूरी कमाते हैं। अन्य जेलों की तुलना में इन जेलों में रहने की क्षमता अधिक है।

इन जेलों में पुनर्वास की अतिरिक्त सुविधा भी है। कुल 144 केंद्रीय जेल हैं। दिल्ली में केंद्रीय जेलों की संख्या सबसे अधिक 16 है, मध्य प्रदेश में 11, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान और तमिलनाडु में प्रत्येक में 9 केंद्रीय जेल हैं, कर्नाटक में 8 केंद्रीय जेल हैं, गुजरात में 4 केंद्रीय जेल हैं। अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव और लक्षद्वीप में एक भी केंद्रीय जेल नहीं है।

**1.2.1.2.जिला जेल–** केंद्रीय जेलों और जिला जेलों में बहुत अंतर नहीं है। जिला जेल उन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए मुख्य जेल हैं जहां कोई केंद्रीय जेल नहीं है। भारत में कुल 410 जिला जेल हैं। उत्तर प्रदेश में 57 जिला जेल हैं, मध्य प्रदेश में 39, बिहार में 31, महाराष्ट्र में 28, राजस्थान में 24, असम में 22, कर्नाटक में 19,

झारखंड में 17, हरियाणा में 16, गुजरात है। 11, केरल में 11, पश्चिम बंगाल में 12, छत्तीसगढ़ में 11, जम्मू कश्मीर और नागालैंड में प्रत्येक में 10 जिला जेल हैं।[xiii]

**1.2.1.3. उप जेल–** भारत में ये सब जेल सब डिविजनल जेल की भूमिका निभाते हैं। ये जेल राज्य के उपमंडल स्तर पर स्थित छोटे संस्थान हैं। इन जेलों में जेल की व्यवस्था अच्छी तरह से व्यवस्थित और बेहतर है क्योंकि ये निचले स्तर पर बनाई गई हैं। भारत में 9 राज्य ऐसे हैं जिनमें उप जेलों की संख्या अधिक है। इन राज्यों में महाराष्ट्र में 100 उप जेल हैं, आंध्र प्रदेश में 99, तमिलनाडु में 96, मध्य प्रदेश में 72, कर्नाटक में 70, ओडिशा में 73, राजस्थान में 60, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में 33 हैं। ओडिशा में सबसे अधिक क्षमता है। विभिन्न उप जेलों में बंद कैदी।[xiv]

7 राज्य या केंद्र शासित प्रदेश हैं जिनमें कोई उप जेल नहीं है। इन राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों के नाम अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, मिजोरम, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड, सिक्किम, चंडीगढ़ और दिल्ली हैं।

**1.2.1.4. खुली जेल–** इस प्रकार की जेलों के नाम विरोधाभासी लग सकते हैं लेकिन यह सच है। ये जेल न्यूनतम सुरक्षा वाली जेल हैं। राजस्थान कारागार नियमों के अनुसार खुली जेल का अर्थ है बिना दीवारों, सलाखों और तालों वाली जेल। इन कारागारों में केवल उन्हीं सजायाफ्ता कैदियों को प्रवेश दिया जाता है जो अच्छा व्यवहार करते हैं और जेल नियमों में निर्धारित मानदंडों को पूरा करते हैं। इन जेलों में न्यूनतम सुरक्षा रखी जाती है और कैदियों को कृषि गतिविधियों में लगाया जाता है और उन्हें अपने परिवार के लिए कमाने की अनुमति दी जाती है।

भारत में पहली खुली जेल केरल के गृह मंत्री पी.टी. ने 28 अगस्त 1962 को नेय्यर त्रिवेंद्रम के पास नेट्टुकलथेरी में बनवाया। भारत के सत्रह राज्यों में 86 खुली जेल हैं। राजस्थान में खुली जेलों की संख्या सबसे अधिक 29 है। 2015 के अंत तक भारत के केंद्र शासित प्रदेशों में कोई खुली जेल नहीं थी।[xv] दिसंबर 2017 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र को भारत में और अधिक खुली जेल स्थापित करने का निर्देश दिया।

**1.2.1.5. विशेष जेल–** ये जेल सबसे ज्यादा सुरक्षा वाली जेल हैं और इनमें बंदियों के लिए खास इंतजाम हैं। इन जेलों में विशेष वर्ग या वर्ग के कैदियों को कैद किया जाता है। विशेष जेलों में बंद कैदी वे होते हैं जिन्हें आतंकवाद, हिंसक अपराधों, आदतन अपराधियों, जेल अनुशासन के गंभीर उल्लंघन के लिए दोषी ठहराया जाता है और कैदी अन्य कैदियों के प्रति हिंसक और आक्रामक होते हैं। भारत में कुल 41 विशेष जेल हैं। केरल में सबसे अधिक विशेष जेल हैं जो कि 16 हैं। विशेष जेल में महिला कैदियों को रखने से संबंधित प्रावधान तमिलनाडु, गुजरात, पश्चिम बंगाल, केरल, असम, कर्नाटक और महाराष्ट्र राज्यों में भी उपलब्ध हैं।

**1.2.1.6. महिला जेल–** महिला जेल वे हैं जो विशेष रूप से केवल महिला कैदियों के लिए हैं। ये जेल महिला बंदियों की सुरक्षा के लिए बनाई गई हैं। इन जेलों में महिला स्टाफ सदस्य शामिल हैं। ये जेलें उपमंडल, जिला और केंद्रीय स्तर पर मौजूद हैं। भारत में कुल 31 महिला जेल हैं। महिला जेलों की क्षमता सीमित होती है इसलिए

ज्यादातर महिला कैदी जेल के अन्य रूपों में बंद रहती हैं। महाराष्ट्र में हैं 5 महिला जेलें केरल और तमिलनाडु में प्रत्येक में 3 जेल हैं।

**1.2.1.7. बोरस्टल स्कूल–** यह एक प्रकार का युवा निरोध केंद्र है और इसका उपयोग विशेष रूप से नाबालिगों या किशोरों के कारावास के लिए किया जाता है। इन स्कूलों का मुख्य और प्राथमिक उद्देश्य युवा अपराधियों की देखभाल, कल्याण और पुनर्वास सुनिश्चित करना है जिसमें वातावरण बच्चों के लिए उपयुक्त हो और उन्हें जेल के संक्रामक वातावरण से दूर रखा जाए। कानून का उल्लंघन करने वाले किशोरों को बोरस्टल स्कूल में हिरासत में लिया जाता है और प्रशिक्षित शिक्षकों की मदद से विभिन्न व्यावसायिक और शैक्षिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। किशोर के सुधार के लिए और उसे अपराध से रोकने के लिए शिक्षा, प्रशिक्षण और नैतिक प्रभाव पर मुख्य जोर दिया गया।

नौ राज्यों में बोरस्टल स्कूल है। भारत में कुल 19 बोरस्टल स्कूल हैं। इन राज्यों के नाम हैं हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु और तेलंगाना। तमिलनाडु में बोरस्टल स्कूल में कैदियों को रखने की क्षमता सबसे अधिक है। हिमाचल प्रदेश और केरल ही ऐसे राज्य हैं जहां अपने दो बोरस्टल स्कूल में महिला कैदियों को रखने की क्षमता है। 2015 के अंत तक भारत के केंद्र शासित प्रदेशों में कोई बोर्स्टल स्कूल नहीं है।

**1.2.1.8. अन्य जेल–** जेल, जो उपरोक्त श्रेणियों के अंतर्गत नहीं आते हैं तो ये जेल अन्य जेलों की श्रेणी में आते हैं। केवल तीन राज्यों में अन्य जेल हैं। इन राज्यों का नाम कर्नाटक, केरल और महाराष्ट्र है और हर राज्य में एक जेल है। अन्य जेलों में बंदियों को रखने की क्षमता कर्नाटक में सबसे अधिक है, उसके बाद केरल और फिर महाराष्ट्र में है। इन राज्यों के बावजूद भारत के किसी अन्य राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में अन्य जेल नहीं हैं।

**1.2.2.जेल के कार्य–** भारत की कानूनी व्यवस्था हमेशा अहिंसा, एक–दूसरे के लिए आपसी सम्मान और दूसरे इंसान के साथ सम्मान के साथ व्यवहार करने पर आधारित है। यदि कोई व्यक्ति अपराध करता है जिसका अर्थ यह नहीं है कि वह व्यक्ति रुक जाता है या मनुष्य होने से रोक दिया जाता है या गैर–मानव या गैर–व्यक्ति बन जाता है, तो वह व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित नहीं हो सकता। कैदी भी मानवाधिकारों के हकदार हैं क्योंकि यातना न्याय प्रणाली की विफलता का एक स्वीकारोक्ति है।

भारत के संविधान का अनुच्छेद 21 व्यक्तिगत स्वतंत्रता की गारंटी देता है और किसी भी व्यक्ति के प्रति सभी प्रकार के अमानवीय, क्रूर और अपमानजनक व्यवहार को प्रतिबंधित करता है, चाहे वह भारतीय नागरिक हो या विदेशी। इस अनुच्छेद का उल्लंघन भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 को आकर्षित करेगा जो कानून के तहत समानता के अधिकार और समान संरक्षण की बात करता है। कैदियों के अधिकार कारागार अधिनियम, 1894 के अंतर्गत आते हैं।

**जेल सुधारों के लिए अमिताभ राय समिति–**

सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में जेल सुधारों के लिए पूर्व न्यायाधीश अमिताभ राय की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति का गठन किया। यह समिति देशभर में सभी जेल सुधारों के पहलुओं पर सुझाव देगी। यह पीठ भारत के लगभग 1,382 जेलों में बंद कैदियों की समस्या संबंधी विभिन्न मुद्दों की सुनवाई कर रही थी। इस मामले में अदालत सहयोग कर रहे वकील गौरव अग्रवाल एवं सॉलिसिटर जनरल एएनएस नादकर्णी ने इस समिति के कार्यक्षेत्र का मसौदा तैयार किया था।

- न्यायालय द्वारा कहा गया है कि कैदियों के भी मानवाधिकार होते हैं और उनको जानवरों की तरह नही रखा जा सकता।
- भारत की सर्वोच्च न्यायालय ने 25 सितंबर, 2018 को भारत की सभी जेलों की वर्तमान मौजूदा स्थित एवं समस्याओं की समीक्षा करने के लिए एवं इससे निपटने के लिए और उपयुक्त उपाय ढूंढने के लिए पूर्व न्यायाधीश अमिताभ राय की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। यह समिति देशभर में सभी जेल सुधारों के पहलुओं को देखेगी और इसके उपायों पर सुझाव देगी।
- सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति मदन बी लोकुर की अध्यक्षता वाली खंड पीठ ने 25 सितंबर, 2018 को अपने आदेश में कहा है कि न्यायमूर्ति अमिताभ राय की अध्यक्षता वाली समिति जेलों मे महिला कैदियों की स्थिति एवं क्षमता से अधिक बंदियों को रखे जाने एवं अन्य समस्याओं की समीक्षा करेगी और इसमें सुधार के उपाय भी सुझाएगी।
- यह पीठ भारत के लगभग 1,382 जेलों में बंद कैदियों की समस्या संबंधी विभिन्न मुद्दों की सुनवाई कर रही थी। न्यायालय द्वारा 27 अगस्त, 2018 को समिति के गठन का अपना आदेश सुरक्षित रख लिया गया था। इस पीठ का हिस्सा न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता एवं न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर भी हैं।इस मामले में अदालत का सहयोग कर रहे वकील गौरव अग्रवाल एवं सॉलिसिटर जनरल एएनएस नादकर्णी ने इस समिति के कार्यक्षेत्र का मसौदा तैयार किया था। इनके द्वारा तैयार किए गए मसौदे पर ही पीठ ने गौर किया है।
- न्यायालय द्वारा कहा गया है कि कैदियों के भी मानवाधिकार होते हैं और उनको जानवरों की तरह नही रखा जा सकता।
- न्यायालय द्वारा जेल में अधिक कैदी रखे जाने पर भी आपत्ति दर्शायी गई है।
- न्यायालय द्वारा जेलों के अंदर हो रही अप्राकृतिक मौत और जेल सुधारों पर पहले ही कई दिशा निर्देश जारी किए जा चुके हैं।

- इससे पहले, पांच अगस्त को शीर्ष अदालत ने इस बात पर नाखुशी जाहिर की थी कि कई राज्यों ने बोर्ड ऑफ विजिटर भी नियुक्त नहीं किए हैं जो नियमित तौर पर जेलों का दौरा करें और यह सुनिश्चित करें कि इनका परिचालन नियमानुसार हो।

**निष्कर्ष–** कौटिल्य के अनुसार "दंडनीति अधिष्ठन् प्रजाः संरक्षति" अर्थात दण्डनीति के उचित प्रयोग से प्रजा की रक्षा होती है। आज जिस रूप में जेल व्यवस्था चल रही है, वह हमारे देश में ब्रिटिश शासन की विरासत है। यह हमारी दंड व्यवस्था पर औपनिवेशिक शासकों की रचना थी, जिसका मकसद कारावास को गलत काम करने वालों के लिए एक आतंक बनाना था। भारतीय आपराधिक प्रशासन में जेल प्रशासन भी शामिल है। यह बात सत्य है कि मनुष्य जन्म से अपराधी नहीं होता परन्तु सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियाँ उसे अपराधी बनाती हैं।

जेल प्राधिकरण द्वारा कैदियों को उचित भोजन, आश्रय और स्वास्थ्य देखभाल उपचार दिया जाना चाहिए। कैदियों के साथ अमानवीय व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि कारावास का मुख्य उद्देश्य सजा देना नहीं बल्कि अपराधी को सुधारना है जिससे वह अपनी सजा पूरी होने के बाद सामान्य रूप से समाज में रह सकेगा। भारतीय दंड व्यवस्था भी सुधारवादी सिद्धांत पर आधारित है। भारत में जेल व्यवस्था में कई सुधार हुए लेकिन अभी भी कुछ अन्य सुधारों की आवश्यकता है क्योंकि जेल में बंदियों की स्थिति खराब है।

कैदियों के लिए भी कोई मजबूत कानून नहीं था। वर्तमान समय में ऐसे कई मामले हैं जिनमें कैदी आत्महत्या या जेल में हत्या कर देता है और उसे जेल अधिकारियों द्वारा प्रताड़ित या पीटा जाता है और ये मामले दिन–ब–दिन बढ़ते जा रहे हैं इसलिए कैदियों की सुरक्षा के लिए उचित कानून की आवश्यकता है क्योंकि कैदी हैं मनुष्य भी हैं और उनके पास भी वे सभी अधिकार हैं जो अन्य नागरिकों के पास हैं। जेलों या जेलों की अधिक संख्या की भी आवश्यकता थी क्योंकि सभी जेलों की क्षमता कैदियों की संख्या से कम है। जेल व्यवस्था में कुछ सुधारों का सुझाव भी विधायी सदस्य या न्यायविदों ने दिया।

वे दिन लद गए जब जेलें कालकोठरी थीं जहां कैदियों को अंधेरे कक्षों में अपना दिन गुजारने के लिए रखा जाता था। जेलें अब वे संस्थाएं नहीं हैं जिन्हें सजा के केवल प्रतिशोधी और निवारक पहलुओं को प्राप्त करने के लिए डिजाइन किया गया है। जेल अब वे स्थान हैं, जहां कैदियों को समाज के भूले हुए या त्यागने वाले सदस्यों के रूप में नहीं बल्कि मनुष्यों के रूप में रखा जाता है, जिन्हें अपने परिवेश में जाना पड़ता है और साथ ही सुधारित व्यक्तियों के रूप में व्यवहार करना पड़ता है। एक कैदी के लिए, कारावास अपने आप में एक सजा है और इस प्रकार, जेलों से पुनर्वास के स्थान होने की उम्मीद की जाती है, न कि उन जगहों पर जहां अतिरिक्त सजा दी जाती है जिसके परिणामस्वरूप उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन होता है।

जब भी विधायिका और कार्यपालिका ने गलती की है, देश की न्यायपालिका ने कैदियों के अधिकारों की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसने दोषियों के उद्धारकर्ता के रूप में काम किया है और उनके मौलिक

अधिकारों को बार–बार बरकरार रखा है। इसने न्यायिक सक्रियता के माध्यम से अपनी शक्तियों का पूरी तरह से प्रयोग किया है और मानव के जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की रक्षा के लिए बार–बार नए उपचार और उपकरण तैयार किए हैं।

## सन्दर्भ सूची

---

i एoबीoसीoडीo डिक्सन एंड्रयू (23 फरवरी 2018)

ii धारा 3(1)ग केन्द्रीय कारागार अधिनियम, 1894

iii Britannika.com

iv https://hi.m.wikipedia.com

v https://hi.m.wikipedia.com

vi https://hi.m.wikipedia.com

vii https://hi.m.wikipedia.com

viii https://hi.m.wikipedia.com

ix भारत का आधुनिक कालीन इतिहास, बीoएलo ग्रोवर

x भारत का आधुनिक कालीन इतिहास, बीoएलo ग्रोवर

xi भारत का आधुनिक कालीन इतिहास, बीoएलo ग्रोवर

xii भारत का आधुनिक कालीन इतिहास, बीoएलo ग्रोवर

xiii http://ncrb.gov.in

xiv http://ncrb.gov.in

xv http://ncrb.gov.in

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 GISRRJ | Volume 4 | Issue 6 | ISSN : 2582-0095

# वेदों में वर्णित मंत्र द्रष्ट्री ऋषिकाओं का यथार्थ स्वरूप

डॉ प्रियंका आर्या
असिस्टेण्ट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू।

**Article Info**
Volume 4 Issue 6
Page Number: 82-87
**Publication Issue :**
November-December-2021
**Article History**
Accepted : 01 Dec 2021
Published : 25 Dec 2021

**शोधसारांश–** प्रस्तुत आलेख वेदों में वर्णित मंत्र द्रष्ट्री ऋषिकाओं के यथार्थ स्वरूप पर आधारित है। इस आलेख का उद्देश्य है कि ऋषिकाओं का जीवन दर्शन अत्यन्त निर्मल व धवल है अतः इन तपः पूत मेधा की धनी ऋषिकाओं से आधुनिक समाज की नारियां भी अपने जीवन को तथाविध बनाने हेतु संकलप ग्रहण करें।

**मुख्य शब्द**–वेद, मंत्र, द्रष्ट्री, ऋषि, यथार्थ,दर्शन, समाज, नारी।

समस्त ज्ञान विज्ञान का उत्स वेद हैं चारों वेदों में देववाणी संस्कृत में निबद्ध मन्त्रों का संग्रहण हैं जिनका दर्शन ऋषियों की भांति ऋषिकाओं ने भी अपने तपोबल एवं ज्ञानबल से किया था, मन्त्रद्रष्ट्री ऋषिकाएँ संख्यात्वेन अल्प हैं अत एव प्रत्यक्षतः ऋषियों के नाम ही व्यवहार में पौनः पुण्येन श्रूयमाण होते हैं परन्तु समाज ने अथवा भारत में इन्हें विस्मृत नहीं किया है और तभी इन वैदिक स्त्रियों को समाज में ब्रह्मवादिनी तथा मन्त्र प्राप्ति ऋषिका के नाम के पुकारा जाता रहा है। वेदों में अनेक ऐसे सूक्त व मन्त्र हैं जिनका दर्शन स्त्रियों ने किया है अतः वेदों में आज भी तत् तत् सूक्तों के आरंभ में ऋषिकाओं का नामाभिधान प्राप्त होता है, तद्यथा अपाला आत्रेयी ऋषिका[1], श्रद्धा कामायनी[2], सावित्री सूर्या ऋषिका[3],सरमा देवशुनी ऋषिका[4] इत्यादि। बृहद्देवता में आचार्य शौनक ने मन्त्रद्रष्ट्री ऋषिकाओं का उल्लेख करते हुए इन्हें ब्रह्मवादिनी अर्थात् ब्रह्म का प्रवचन करने वाली कहा है तद्यथा –

धोषा गोधा विश्ववारा अपालोपनिषन्तिवत्।
ब्रह्मजाया जुहूर्नाम अगस्त्यस्य स्वसादितिः।
इन्द्राणी चेन्द्रमाता च सरमा रोमशोर्वशी।
लोपामुद्रा च नघश्च यमी नारी च शश्वती।
श्रीलाक्षा सार्पराज्ञी वाक् श्रद्धा मेधा च दक्षिणा।
रात्री सूर्या च सावित्री ब्रह्मवादिन्य ईरिताः ।।[5]

इस श्लोक में लगभग 27 ऋषिकाओं के नाम एकत्र परिगणित है, यह एक ऐसा अकाट्य शास्त्रीय प्रमाण है जहॉ स्त्रियों के वेदाध्ययन का उदात्त दृष्टिकोण स्थापित किया जाता है। इससे स्पष्टतया यह परिलक्षित हो रहा है कि किसी समय पुरूषों की तरह महिलाओं को भी वेदाध्ययन व ब्रह्म विषयक प्रवचन करने की पूर्ण स्वतंत्रता थी।

ब्रह्मवादिनी एक समस्त पद है जिसका अर्थ है– ब्रह्म को या ब्रह्म के विषय में बोलने वाली स्त्री। ब्रह्मवादिनी पद मंत्र के प्रतिपाद्य और उसकी अभिव्यक्ति की प्रक्रिया पर बल देता है जबकि ऋषिका पद मंत्र दर्शन

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

की विशेष प्रक्रिया पर बल देता है। प्रज्ञा , मेधा, तप, प्रतिभा, और आन्तरिक ज्ञानान्वेषण की दृष्टि आत्मा के धर्म हैं शरीर के नहीं अतः ये सभी उपर्युक्त दिव्य गुण पुरूष अथवा स्त्री में भेद दृष्टि नहीं रखते।

ऋषिकाओं के सन्दर्भ में ऋषित्व की पारिभाषिक अवधारण भी पुरूष ऋषियों के समान ही है, इन ऋषिकाओं ने भी तपःपूत विमल मेधाबल से मन्त्रों का साक्षात्कार कर ऋषि पद को प्राप्त किया था। आचार्य यास्क कहते हैं–**साक्षात्कृतधर्माणो ऋषयो बभूवुःते अवरेभयः असाक्षात्कृतधर्मेभ्यः उपदेषेन मन्त्रान् सम्प्रादुः**[6] अर्थात्पूर्व काल में धर्म का साक्षात्कार करने वाले श्रेष्ठ ऋषि हुए और इन्होंने ही धर्म का साक्षात्कार न करने वाले अवर ऋषियों को उपदेश के माध्यम से मन्त्र प्रदान किए। यही परिभाषा स्त्री ऋषियों की भी होती है। आचार्य सायण ने इन्हें ऋषि एवं द्रष्ट्री अर्थात् मंत्रों का दर्शन करने वाली कहा है–**अत्रिगोत्रोत्पन्ना विष्वारा नामिकास्य सूक्तस्य ऋषिः**[7]।शौनक ने इन्हें आर्षानुक्रमणी में मुनि कहा है यथा –**पौलोमी शची नाम मुनिः स्मृतः।**[8] ऋषि शब्द का अन्य निर्वचन भी प्रसंगतया ध्येय है। **ऋषिः दर्शनात्, स्तोमान् ददर्श इति औपमन्यवः।**[9] अर्थात् ऋषि वे हैं जिन्होंने तपोबल से समाधि दशा में मन्त्रों का दर्शन किया है। आचार्य शौनक ऋषियों को मन्त्रद्रष्टा ही मानते हैं यथा –**मन्त्रदृग्भ्यो नमस्कृत्वा**[10] इस प्रकार का कथन प्राप्त होता है। आचार्य सायण भी ऋषि शब्द को इसी अर्थ में परिभाषित करते हैं–

ऋषिरतीन्द्रियदष्टा[11] ऋषिः सूक्तद्रष्टा[12] उपर्युक्त परिभाषाएं स्त्री ऋषियों के लिए भी तद्वत् अवधेय है। इनकी विशेष चर्चा नामतः ऋषियों के लिए प्राप्त होती है। सम्प्रति सरमा ऋषिका की संस्तुति प्रस्तुत है। ऋग्वेद के दशम मण्डल में संकलित 108 वॉ सूक्त **''सरमा पणि संवाद''** के रूप में प्रचलित है। इस सूक्त में 11 मन्त्र हैं जिसमें 6 मन्त्रों की ऋषि सरमा है।

सरमा शब्द की व्युत्पत्ति गत्यर्थक सृ धातु से हुई है। जिसका अर्थ है – सरणशील, गतिशील या गमन करने वाली। आचार्य यास्क मध्यस्थानीय स्त्री देवताओं में सरमा का उल्लेख करते हैं तद्यथा **सरमा सरणात्**[13] अर्थात् सरमा वह है जो गतिशील है। मैत्रायणी संहिता में **''वाग् वै सरमा''**[14] कहा है अर्थात् सरमा वाक् है जो कि अन्तरिक्ष में स्तनयित्नुलक्षणा विद्युत् के रूप में रहती है और समय आने पर वर्षाकाल में गरजती हुई प्रकट होती है। इस विशिष्ट विद्युत के समान गति के कारण ही उसे सरमा कहा गया है। यजुर्वेद भाष्यकार आचार्य महीधर सरमा शब्द की व्याख्या करते हुए लिखते हैं–**''सह रमन्ते देवा विप्रा वा यस्यां सा सरमा वाक्''**[15] अर्थात् जिसमें देवता तथा ब्राह्मण समान रूप से रमण करते हैं उस वाणी का नाम सरमा है। वस्तुतः देव व ब्राह्मण ही नहीं अपितु व्यक्तवाक् जिनके भी पास है वे भी जिस वाणी में एक साथ रमण करते हैं इसीलिए उसका नाम सरमा है। यहॉ यह स्पष्ट हो जाता है सरमा वेदवाणी है। इस प्रकार सरमा वह सशक्त नारी या ऋषिका हुई जो वेदज्ञ है और वैदिक आज्ञा को कर्म में व्यवहार में उतारती है एव स्वयं सशक्त होती है और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करती है, आवश्यकता पड़ने पर परिवार समाज व राष्ट्र में अन्याय के विरूद्ध आवाज उठाने का साहस रखती है। सरमा के विषय में उपर्युक्त नैरूक्त व ऋषि दयानन्द की दृष्टि प्रस्तुत हुई है। कतिपय भाष्यकार इससे भिन्न मत रखते हैं और एक ऋषिका को देवशुनी शब्द से संबोधित करते हैं जिसका अतीव निन्दित अर्थ है जबकि देवशुनी शब्द सम्पूर्ण सूक्त में कहीं नहीं है। ऋग्वेद में अन्य मन्त्र में **''सारमेयौ श्वानौ''**[16] का प्रयोग प्राप्त होता है जिसका अर्थ है सरमा के दो

अपत्य है' सरमा = उषा के दिन रात रूपी दो पुत्र हैं जो निरन्तर गतिशील होने से **श्वानौ – श्वि गतिवृद्धयोः**[17] कहे गए है किन्तु कथमपि सरमा को देवशुनी कहना अनुचित प्रतीत होता है। सरमा इन्द्रदूती है क्योंकि सरमा गौ अन्वेषण का कार्य कर रही है इसका तात्पर्य यह है कि स्त्रियों को गौ संरक्षण, संवर्धन की विशेष कला आनी चाहिए। दौत्यकर्म जैसे विशिष्ट कार्य के लिए स्त्रियों को व्युत्पन्न मतित्व से युक्त होना चाहिए यही सरमा–पणि संवाद सूक्त का यथार्थ है।

**वागाम्भृणी –** ऋग्वेद के दशम मण्डल के 125 वें सूक्त की ऋषिका अम्भृण ऋषि की पुत्री आम्भृणी ''वाक्'' अर्थात्– वागाम्भृणी है। सूक्त का देवता आत्मा है। इस सूक्त में 8 मन्त्र हैं सभी में उत्तम पुरूष का प्रयोग हुआ है। ब्रह्म विदुषी वाक् परमपिता परमात्मा के साथ तादात्म्य का अनुभव करते हुए स्वयं को सम्पूर्ण सृष्टि की आधाररूपा के रूप में उपस्थापित करती है, अहं की अभिव्यक्ति सम्पूर्ण सूक्त में ध्वनित हो रही है। **अहं राष्ट्री संगमनी वसूनाम्**[18] अर्थात् मैं राष्ट्र की शक्ति और सम्पूर्ण जगत् की स्वामिनी व अधीश्वरी हूं।

5 वें मन्त्र में कहा गया है– **यं कामये तं तमुगं कृणोमि**
**तं ब्रह्माणं तमृषिं तं सुमेधाम्।।**[19]

अर्थात् मैं जिसको जैसा चाहती हूँ वैसा निर्माण कर देती हूं। ब्रह्मा–चारों वेदों का ज्ञाता तथा ऋषि = अतीन्द्रिय विषयों कादर्शन कराने वाली सुमेधा दृष्टि से संयुक्त करती हूँ। इस सूक्त में परमेश्वर ने नारी को विशेष शक्ति से प्रेरित किया है जिससे कि वह परिवार को, समाज को जैसा चाहे बना सकती है। वही वीर, विद्वान, सदाचारी, ब्रह्मा, विष्णु, महादेव, सरस्वती, लक्ष्मी सदृश पुत्र–पुत्रियों की जननी है। चारों वेदों के भाष्यकार आचार्य सायण ने उदात्तकण्ठ से नारी को ब्रह्मविदुषी, यज्ञार्हों में प्रथम ऋषिका पदों का प्रयोग किया है। तद्यथा–**अम्भृणस्य महर्षेर्दुहिता वाङ्नाम्नी ब्रह्मविदुषी स्वात्मानमस्तौत् अतः सर्षिः।सच्चित्सुखात्मकः सर्वगत परमात्मा देवता। तेन** ह्येषा **तादात्म्यममनुभवन्ती सर्वजगद्रूपेण सर्वस्याधिष्ठानत्वेन चाहमेव सर्वं भवामीति स्वात्मानं स्तौति।**[20] इस सम्पूर्ण सन्दर्भ का अर्थ स्पष्ट ही है। इसी सूक्त के तीसरे मन्त्र में '**चिकितुषी प्रथमा यज्ञियानाम्**'[21] इस मन्त्रार्ध का भाष्य करते हुए वे लिखते हैं–**चिकितुषी अर्थात् साक्षात कर्तव्यं परं ब्रह्म तत्ज्ञातवती स्वात्मतया साक्षात् कृतवती। अत एव यज्ञियानां यज्ञार्हाणां प्रथमा मुख्या।**[22] अर्थात् जो साक्षात करने योग्य परम ब्रह्म है उसका वह साक्षात् कर चुकी है। इसीलिएयज्ञ करने के योग्य यज्ञार्हों में वह प्रथम एवं मुख्य है। आत्मगौरव, स्वाभिमान एवं आत्मतेज से दीप्तिमती वागांभृणी ऋषिका जैसी नारियाँ परिवार, देश, समाज व विश्व में होवें यही इस सूक्त का संदेश है।

**रोमशा–** ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के 126 वें सूक्त के अन्तिम सातवें मन्त्र की ऋषिका ''रोमशा'' है इससे पूर्व के 1 से 5 मन्त्रों के ऋषि कक्षीवान् और छठे मंत्र के ऋषि स्वनय भावयव्य है।[23] यहॉं सायण ने रोमशा को बृहस्पति की पुत्री तथा ब्रह्मवादिनी कहा है। इस मन्त्र के देवता अर्थात् प्रतिपाद्य विषय अथवा संबोध्य भावयव्य है। भव्य के पुत्र भावयव्य ने गान्धार देश की तनया रोमशा से विवाह किया।[24] राजा भावयव्य ने यश की चाहना से सहस्रों सोमयागों में याजकों को बहुत दान पुण्य कर त्रिलोक तक यश प्राप्त किया।[25] भावयव्य से रोमशा का संवाद होता है और वह कहती है मेरे समीप आओ, मेरा प्रगाढ आलिंगन करो, मुझे अल्प रोमों वाली नहीं समझो, मैं गान्धार देश की भविका

(भेड़ शावक) के समान बहुत रोमों वाली पूर्ण यौवना हूॅ।[26] ऐसा ही अर्थ लगभग सभी भाष्यकारों ने किया है जो बहुत ही सांसारिक व अश्लील प्रतीत होता है। वेदों में इत्थंभूत लौकिक इतिहास की कल्पना करना नैरूक्त दृष्टि की अवहेलना होगी। कारण वेद नित्य है वेदों का उद्‌भव सृष्टि के आदि में हुआ है। अतः सम्प्रति इसका नैरूक्त पक्ष द्रष्टव्य है। आचार्य यासक रोमशा की निरुक्ति करते हैं –**प्रशस्तं रौति या सा रोमशा।[27]** अर्थात् जिसका प्रशंसनीय वेदोपदेश व ज्ञान है उसका नाम रोमशा है। इस सूक्त में भावयव्य शब्द आया है अतः भावयव्य तथा रोमशा का संवाद माना जाता है। भावयव्य का अर्थ है –**भावं यौति मिश्रयति यः सः भावयवः भावयव एवभावयवः** अर्थात दूसरों की भावनाओं के साथ स्वयं को जोड़ने वाला।[28] अतः अर्थ स्पष्ट हुआ कि कोइ भी राजा या पुरूष जो अपनी जीवन संगिनी, सहयोगिनी पत्नी का सम्मान करने वाला हो वह भावयव्य हुआ। निम्न मंत्र के साथ तात्पर्य स्पष्ट होगा–

**उपोप मे परामृश मा मे दभ्राणि मन्यथाः।**

**सर्वाहमस्मि रोमशा गान्धारीणामिवाविका।।[29]**

मन्त्र का अर्थ है– हे राजन् अथवा देशवासियों ! मा मे दभ्राणि मन्यथाः तुम मुझे नारी होने के कारण अल्प ज्ञान अथवा अल्प बलवाला मत समझना, मैं गान्धारीणाम् **(गां वाचं धरन्ति यास्ताः गान्धार्यः तासां गान्धारीणाम्)**अर्थात् वेदविद्या को धारण करने वाली नारियों के मध्य अविका उस वेदविद्या की पालिका रक्षिका हूं। **उप उप** = बार बार मेरे समीप आकर **मे परामृश**– मुझसे परामर्श ग्रहण करो करने **सर्वाहमस्मि रोमशा–**मैं सभी प्रकार की राजनीति, दण्डनीति कूटनीति में भलीभांति **प्रशस्तं रौति–** प्रशंसनीय ज्ञान का कथन करने वाली हूॅ। रोमशा ऋषिका समाज की नारियों को सही संदेश दे रही है कि नारी स्त्री होने के कारण कमतर न समझी जाए अपितु वह सभी प्रकार से प्रशंसनीया एवं सर्वसामर्ध्य से युक्त समझी जाए। इसी क्रम में अरण्यानी ऋषिका की परिचर्चा प्राप्त होती है।

**अरण्यानी**– अरण्य शब्द का अर्थ होता है जंगल या वन। अरण्यानी का अर्थ हुआ ऐसी विदुषी स्त्री जो स्वयं ब्रह्मविद्या प्राप्त कर अरण्यगामिनी वानप्रस्थ अथवा चतुर्थाश्रम सन्यास को धारण करने वाली हो। यह अरण्यानी सूक्त 10वें मण्डल के 146 वें सूक्त में प्राप्त होता है तद्यथा–

**अरण्यान्यरण्यान्यसौ या प्रेव नश्यसि।**

**कथा ग्रामं न पृच्छसि न त्वा भीरिव विन्दति।।[30]**

अर्थात् हे जंगल की ओर अभिमुख निवृत्ति मार्ग की ओर अग्रसर स्त्रि। **या असौ त्वम्**– जो यह तुम **अरण्यानी**– रमणीय भोग्य पदार्थो को न स्वीकार करने वाली अपने सुकोमल सौन्दर्य और यौवन को **प्र नश्यसि** पुरूष रूप से नष्ट कर रही हो, **कथा ग्रामं न पृच्छसि**– क्यों तुम गांव या नगर को नहीं पूछ रही हो? **न त्वांभीरिव विन्दति**– क्या तुम इस जंगल में प्रव्रज्या के मार्ग से उसके कष्टों से भयभीत नहीं हो? इस सूक्त के द्वारा नारियॉ प्रव्रज्या अर्थात् संन्यासादि की पूर्ण अधिकारिणी है, यह द्योतित होता है।[31] अरण्यासी ऋषिका यह सन्देश दे रही है कि महिलाऍ केवल घर गृहस्थी में ही फंसकर जीवन समाप्त न करें अपितु जीवन के चरम लक्ष्य की प्राप्ति हेतु अरण्यवन अर्थात् एकान्तोपासना के लिए नगर, ग्राम से बाहर निकलें।

वेदों में लगभग 30–35 ऋषिकाओं का स्पष्टतया विवरण प्राप्त होता है संप्रति विस्तार भिया नामग्रहण पूर्वक ही इस आलेख को संक्षिप्त कर परितोष करना पड़ेगा। संवाद सूक्तों में भी ऋषियों के साथ संवाद कर्त्री ऋषिकाएँ ही हैं। उपनिषद् की ऋषिकाएं ब्रह्मर्षियों के समकक्ष प्रतीत होती हैं। शास्त्रार्थ करने वाली गार्गी, घोषा, अपाला तथा आधुनिक समय में आचार्यमण्डन मिश्र जी की पत्नी श्रीमती भारती व आचार्या प्रज्ञा देवी व मेधा देवी (वाराणसी) अविस्मरणीय है।

एतदतिरिक्त ऋग्वेद में वर्णित ऋषिकाएं तथा उनका कार्य अतुलनीय है वे ऋषिकाएं हैं – रोमशा, लोपामुद्रा नधः अदिति, धोषा, काक्षीवती, वसुक्रपत्नी, यमी वैवस्वती, अगस्त्यस्वसा, अदिति दाक्षायणी, सूर्या सावित्रि, इन्द्राणी, अपाला, आत्रकी, शश्वती, आंगिरसी, सरमा, शची, पौलोमी, सार्पराज्ञी, इन्द्रमातरः, श्रद्धा कामायनी, रात्री भरद्वाणी, वागाम्भृणी, जुहू ब्रह्मजाया, दक्षिणा इत्यादि।

उन्नत सभ्य व प्रगतिशील राष्ट्र की द्योतिका वहॉ की स्त्रियों की दशा व दिशा से परिलक्षित होता है। भारतीय संस्कृति में नारियोंको पूज्या, आराध्या व वन्दनीया कहा गया है। वैदिक काल से स्मृतिकाल तक की यात्रा में जहॉ **स्त्रीहि ब्रह्मा बभूविथ** का घोष विश्वनियन्ता परमात्मा ने किया है वहीं महर्षि मनु उद्घोष करते हैं

**यत्र नार्यस्तुपूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता।**

**यत्रैतास्तुन पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफला क्रिया ।।**[32]

अर्थात् जिस परिवार व राष्ट्र में नारियों की पूजा सम्मान होता है वहॉ देवता रमण करते हैं और जिस घर व समाज में नारियों का आदर सम्मान नहीं होता वहॉ सभी कृत कार्य निष्फल हो जाते हैं।

इस महनीय श्रुति स्मृति वाक्यों को प्रमाणरूप में लेकर चलने वाला समाज वेदानुमोदित ऋषि, ऋषिकाओं का अद्यावधि स्व आदर्श बनाया हुआ है। भारतीय शिक्षा दार्शनिकों ने ऋषियों की तपः पूत अगाधमेधा को नमन किया है साथ ही मंत्र द्रष्ट्री ऋषिकाओं का वन्दन व पूजन भी किया है कारण भारत देश ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व ज्ञान की आद्या स्त्रोत भगवती श्रुति को परम प्रमाण मानता है।

प्रस्तुत आलेख वेदों में वर्णित मंत्र द्रष्ट्री ऋषिकाओं के यथार्थ स्वरूप पर आधारित है। इस आलेख का उद्देश्य है कि ऋषिकाओं का जीवन दर्शन अत्यन्त निर्मल व धवल है अतः इन तपः पूत मेधा की धनी ऋषिकाओं से आधुनिक समाज की नारियां भी अपने जीवन को तथाविध बनाने हेतु संकलप ग्रहण करें।

सन्दर्भ ग्रन्थ–

1.ऋग्वेद 10/91

2.ऋग्वेद 10/151

3.ऋग्वेद 10/85

4.ऋग्वेद 10/108

5.बृहदेवता 2/82–84

6.निरूक्त 1/6/20

7.ऋग्वेद भाष्य 5/28

8.आर्षानुक्रमणी 10/82

9.निरूक्त 2/3/11

10.बृहद्देवता 1/1

11.ऋग्वेद सायण भाष्य 9/87/3

12.वही9/113/2

13.निरूक्त 11/3/10

14.मैत्रायणी संहिता 4/6/7

15.यजुर्वेद 33/59

16.ऋग्वेद 10/14/10

17.धातुपाठ, भ्वादि–737

18.ऋग्वेद 10/125/03

19.वहीं 10/125/05

20.सायण भाष्य ऋग्वेद 10/125/01

21.ऋग्वेद 10/125/03

22.ऋग्वेद सायण भाष्य 10/125/03

23.रोमशा नाम ब्रह्मवादिनी ऋग्वेद, सायण भाष्य1/126/7

24.वैदिक इण्डेक्स भाग – 2 पृष्ठ – 254

25.ऋग्वेद सायण भाष्य, 1/126/1–2

26.ऋग्वेद सायण भाष्य, 1/126/7

27.निरूक्त– रू शब्दे+ मनिन् प्रशंसायां मत्वर्थे शः प्रत्यय+ टाप् = रोमशा

28.ऋ. 1/126/6

29.वही1/126/7

30.ऋग्वेद10/146/1

31.विश्ववारा नारी, पृ0 78

32.मनुस्मृति –3/56

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 GISRRJ | Volume 4 | Issue 6 | ISSN : 2582-0095

# पाठ्यचर्यायाः समस्याः

जयपालः
शोधच्छात्रः, श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालयः, नवदेहली



**Article Info**
Volume 4 Issue 6
Page Number: 88-91

**Publication Issue :**
November-December-2021

**Article History**
Accepted : 01 Dec 2021
Published : 25 Dec 2021

**शोधसारांशः**

पाठ्यचर्या छात्राणां ज्ञानवर्धनार्थं नियोजितानां सर्वासां दशानां, ताभिः सम्बद्धकारकाणां सैद्धान्तिकाधारः व्यावहारिकाधारश्च प्रस्तौति। तस्यां ये अनुभवाः समादृयन्ते, तेषामनुप्रयोगः विद्यालये शिक्षायाः लक्ष्यानां प्राप्यर्थं प्रयुज्यते। पाठ्यवस्तुनाऽपेक्षया पाठ्यक्रमः एवञ्च पाठ्यक्रमापेक्षया पाठ्यचर्या विस्तृता भवति। अस्याः पाठ्यचर्यायाः याः समस्याः वत्र्तमाने दृश्यमानाः सन्ति। तासां विषये शोधलेखोऽयमुपयुक्त इति कथयितुं शक्यते।

मानवविकासस्य यानि साधनानि अर्वाचीनेऽस्मिन् काले विद्यमानानि सन्ति, तेषु साधनेषु शिक्षाऽन्यतमां वर्ततेति सर्वैः स्वीक्रियन्ते। अस्याः याः प्रक्रियाः सन्ति ताः सर्वाः प्रक्रियाः गत्यात्मिकाः निरन्तराश्च वर्तन्ते। अस्यां खलु प्रक्रियायां देशकालस्यानुगुणं कालक्रमेण यदा-कदा अध्यापकेषु छात्रेषु विषयवस्तुषु वा शिक्षणोद्देश्येषु महत्त्वं प्रदीयते।

अर्वाचीनेऽस्मिन् काले व्यक्तौ समाजे एवञ्च राष्ट्रेऽवधानं प्रदाय शिक्षोद्देश्येषु सर्वाङ्गीणविकासेन सह कौशलानामुन्नयनस्य दृष्ट्या, तेषु कौशलानामुन्नतिः विकासश्च महत्त्वपूर्णं वरीवर्ति। उद्देश्यं सर्वथा साध्यमेवञ्च तस्य प्राप्तये यानि साधनानि प्राच्यैः पाश्चात्यैश्च निगदितानि तेषु एडमस मते अध्यापकः छात्रश्चेति द्वयं प्रमुखमस्ति। तत्रैव जॉन ड्यूवी मते अध्यापकः छात्रः पाठ्यक्रमः, पाठ्यचर्या वा समानो भवति। भारतीयमनीषायां तत्र उपनिषदि निगदितमस्ति यत् आचार्यः पूर्वरूपमन्तेवासीः उत्तररूपं विद्यासन्धिः प्रवचनं सन्धानमिति। अस्मिन् आचार्यः छात्रः विद्या (पाठ्यचर्या) प्रवचनमिति विधिविशेषः इत्येतानि चत्वारि प्रमुखतमानि साधनानि स्वीकृतानि सन्ति। वस्तुतस्तु शिक्षाप्रक्रिया सार्थकतां प्रति गच्छेदेतदर्थं साध्य-साधनयोर्मध्ये परस्परं समन्वयनमत्यन्तमपेक्षितं भवति। अस्यां खलु प्रक्रियायां छात्रः मानवः व व्यक्तिविशेषः कौशलत्वेन वा ज्ञानत्वेन साध्यं भवति। तस्य व्यवहारे परिमार्जनं परिवर्तनमनुकूलदिशाप्रदानञ्च अनेकैः साधनः क्रियते। तस्य विभाजनं वर्गत्रये तत्र औपचारिकानौपचारिकनिरौपचारिकत्वेन च क्रियते।

औपचारिकान्तर्गते यानि साधनानि समागतानि भवन्ति तेषां नियोजनं निश्चितोद्देश्यानां पूर्तये व्यवस्थितत्वेन प्रयोगः संस्थासु क्रियते। यस्य नामोच्चारणं विद्यालयत्वेनाभिधीयते। औपचारिकी या शिक्षा विद्यालये छात्रेभ्यः प्रदीयते तस्याः नूनमेव शिक्षोद्देश्यानि निर्धारितानि भवन्ति। अस्याः तिस्रः प्रक्रियाः जॉन ड्यूवी महोदयेन निगदिताः। तद्यथा -

- उद्देश्यनिर्धारणम् (Determination of Aims)
- शिक्षणपद्धतयः (Teaching Method)
- पाठ्यचर्या (Curriculum)

**Copyright: ©** the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

प्रो. हार्न महोदयस्य मते शिक्षाप्रक्रियायै तत्त्वचतुष्टयमावश्यकमिति। तानि च निम्नलिखितानि भवन्ति।

1- शिक्षकः
2- छात्रः
3- पाठ्यचर्या
4- शैक्षिकवातावरणञ्चेति

भारतीये मनीषायां चतस्रः प्रक्रियाः निगदिताः सन्ति। तद्यथा -

1- आचार्यः (अध्यापकः) Teacher
2- अन्तेवासी (छात्रः) Student
3- विद्या (पाठ्यचर्या) Curriculum
4- प्रवचनम् (विधिः) Method

वस्तुतस्तूक्तानां प्रक्रियाणां सर्वेषामर्वाचीनेऽस्मिन् काले समाहारः पाठ्यचर्यायां भवति। अनया एव इदानीन्तनीये काले शिक्षायाः उद्देश्यानि प्राप्तुं शक्यन्ते। अस्याः पाठ्यचर्यायाः विस्तरं ज्ञानं शिक्षकेभ्यः नीतिनिर्धारकेभ्यश्च अपेक्षितं भवति।

पाठ्यचर्या इत्यस्य कृते आंग्लभाषायां Curriculum इति शब्दविशेषः प्रयुज्यते। अस्योत्पत्तिः लैटिनभाषायाः Currier इत्यनेन शब्देन अभवत्। यस्यार्थो भवति धावनक्षेत्रमिति। वस्तुतस्तु शिक्षा एकं धावनक्षेत्रमिवास्ति, यं पारयित्वा कोऽपि छात्रः स्वगन्तव्यं प्राप्तुं शक्यते। शाब्दिकार्थे पाठ्यचर्या तन्मार्गोऽस्ति यस्यानुसरणं कृत्वा छात्रः शिक्षायाः लक्ष्यमवाप्तुं सफलो भवति। अत्रपि एषा शिक्षायाः लक्ष्यमवाप्तुं एकं साधनमिति ध्वन्यते।

